INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त-134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-211 | सांध्य दैनिक | मथुरा, शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


## पंचम पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन



## स्व. श्रीमती कान्ती देवी जी

(पत्नी स्व. श्री हरिदास अग्रवाल जी)

गोलोकवास 26.09.2021

"आपकी निःस्वार्थ सेवा, सरलता और महान विचार आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते रहेंगे।"

आपके दिखाए मार्ग पर चलते हुए आर. के. ग्रुप समाजहित में अपना योगदान देता रहेगा।

आज आपकी पंचम पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारीजन अपने अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

### श्रद्धानवत्

नारायण दास-मंजूलता (देवर-देवरानी)

डॉ. रामकिशोर अग्रवाल-विनय, अशोक अग्रवाल-सरोज, माधव अग्रवाल-मीनाक्षी, मुरारी अग्रवाल-मीनू (पुत्र-पुत्रवधू)

अनूप-जागृति, नीरज-इन्दू, डॉ. विवेक-प्रीति (भतीजे-भतीजेवधू)

पंकज-अंशु, मनोज-मोहिनी, मनीष-सुप्रिया, विनोद-निकिता, अमित

अंकुर-प्राची, आंशु-राधिका, गौरांग-चारिका (पौत्र-पौत्रवधू)

सीमा-अंकुर, सारिका-अनुज, निधि-मयंक, शालिनी-अम्बरीश, निशि-लोकेश, अनुराधा-सचिन (पौत्री-दामाद)

कार्तिक, कृष्णा, राध्या, आर्यन, वाष्वी, आदित्य, अदवेत, पार्थ, सान्वी, दर्श

प्रज्ञान, रथांग, दीया, अयाति, गौरी, बल्लवी, आरव, ओजस्वी, श्रेय, रुद्रांश, रुशिका

### प्रतिष्ठान

- जी.एल.ए. विश्वविद्यालय, मथुरा, ग्रे. नोएडा
- के.डी. विश्वविद्यालय, मथुरा
- राजीव एकेडमी फॉर टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेन्ट, मथुरा
- राजीव इन्टरनेशनल स्कूल, मथुरा
- जी.एल. बजाज इंस्टिट्यूट, ग्रे. नोएडा एवं मथुरा
- आरु डायमण्ड एण्ड ज्वैलर्स, आगरा
- जी.जी. ट्रेडर्स, मथुरा एवं लखनऊ
- श्री हरि ज्वैलर्स, मथुरा
- के.डी. ज्वैलर्स, मथुरा
- राधा गोविन्द ज्वैलर्स, मथुरा
- भगवान क्लॉथ स्टोर

INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त- 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-211 | सांध्य दैनिक | मथुरा, शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# दवा बाजार में जांच का पहरा, अब 57 रिपोर्ट खोलेंगी राज

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा की नगरी में दवा बिक्री का कारोबार बड़ा है, लेकिन निगरानी कम है। जिले में छोटे–बड़े करीब 1700 से 1800 मेडिकल स्टोर चल रहे है। इनमें अस्पताल परिसरों और प्रमुख अस्पतालों के आसपास चलने वाले मेडिकल स्टोर भी शामिल हैं।

दवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए औषधि विभाग ने एक अप्रैल से सितंबर तक करीब 87 दवाओं के नमूने लिए हैं। इनमें से 30 नमूनों की जांच रिपोर्ट विभाग को मिल चुकी है। इन रिपोर्टों में पशुओं में इस्तेमाल होने वाला एक इंजेक्शन मानक के अनुरूप नहीं पाया गया है। अब लोगों की नजर शेष 57 नमूनों की रिपोर्ट




पर है। औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक ने बताया कि विभाग की ओर से समय-समय पर मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर दवाओं के नमूने लिए जाते हैं। अप्रैल से अब तक लिए गए 87 नमूनों में

## जिले में 1700-1800 मेडिकल स्टोर, छह माह में 87 दवाओं के नमूने लिए

## विभाग को मिली 30 रिपोर्ट आईं, पशुओं का एक इंजेक्शन मानक पर हुआ फेल

से 30 की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। इनमें एक पशु उपयोगी इंजेक्शन की रिपोर्ट मानक के अनुरूप नहीं आई है। संबंधित मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शेष नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी कि इनमें से कोई अन्य दवा जांच में मानकविहीन पाई गई है या नहीं।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि जिले में अभी तक नकली दवाओं की बिक्री को लेकर विभाग को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से मेडिकल स्टोरों पर नियमित रूप से चेकिंग की जाती है, संदेह होने पर दवाओं के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजे जाते हैं। किसी भी मेडिकल स्टोर पर नकली अथवा मानकविहीन दवा मिलने या इसकी शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल स्टोर संचालकों को दवाओं की खरीद-बिक्री में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई है।

संचालकों से कहा गया है कि दवाएं अधिकृत स्त्रोत से ही खरीदी जाएं और ग्राहकों को बिल, जीएसटी बिल के साथ दवाएं देने के लिए निर्देश भी दिए हैं। विभाग का जोर इस बात पर है कि दवाओं की खरीद और बिक्री का पूरा रिकॉर्ड रहे, ताकि किसी दवा की गुणवत्ता पर सवाल उठने की स्थिति में उसके स्त्रोत तक पहुंचा जा सके। उन्होंने कहा कि फिलहाल 30 रिपोर्टों में एक इंजेक्शन के मानक पर खरा न उतरने के बाद बाकी 57 नमूनों की रिपोर्ट महत्वपूर्ण हो गई है।

# बांके बिहारी मंदिर में फिर भिड़े श्रद्धालु और सुरक्षाकर्मी


## निकास द्वार पर खड़े होने को लेकर शुरू हुई कहासुनी

## पहले भी सामने आ चुके हैं मारपीट और अभद्रता के मामले

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में शुक्रवार दोपहर निकास द्वार के पास खड़े होने को लेकर श्रद्धालुओं और सुरक्षा कर्मियों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कराकर मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली निवासी नकुल गौतम परिवार के साथ दर्शन करने पहुंचे थे। परिवार ने गेट संख्या दो से प्रवेश किया और दर्शन के बाद गेट संख्या चार से बाहर निकला। बाहर निकलने के बाद परिवार के कुछ सदस्य वहीं खड़े हो गए। अनंत चतुर्दशी के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी।

निकास द्वार पर तैनात सुरक्षा कर्मी कृष्ण कुमार



बांकेबिहारी मंदिर के बाहर गार्ड और श्रद्धालु के बीच हुए विवाद को शांत करते पुलिसकर्मी।

ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए कहा। इसी बात को लेकर नकुल गौतम और सुरक्षा कर्मी के बीच कहासुनी हो गई, जो मारपीट में बदल गई। पुलिसकर्मियों ने बीच–बचाव किया। विवाद में महिला श्रद्धालु भी शामिल हो गईं, जिसके बाद महिला सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति संभाली।

सूचना पर बांके बिहारी पुलिस चौकी प्रभारी शिव कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को चौकी ले गए। वहां दोनों ने एक–दूसरे पर आरोप लगाए। बाद में दोनों पक्षों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित माफीनामा देकर समझौता कर लिया।

### पहले भी हो चुके हैं विवाद

बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं और सुरक्षा कर्मियों के बीच विवाद का यह पहला मामला नहीं है। इसी मार्च में भी मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग के पास श्रद्धालु और निजी सुरक्षा कर्मियों के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया था। इसी महीने एक अन्य घटना में निजी सुरक्षा कर्मियों पर श्रद्धालुओं और दुकानदारों से मारपीट के आरोप लगे थे, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी। जुलाई में चप्पल पहनकर प्रवेश करने से रोकने पर महिला श्रद्धालु और महिला सुरक्षा कर्मी के बीच भी मारपीट हुई थी। चौकी प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की ड्रेस पहले काली थी, जबकि अब पीली टी-शर्ट होने के कारण कई बार श्रद्धालु उन्हें बाहरी व्यक्ति समझ लेते हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण कभी–कभी विवाद की स्थिति बन जाती है।

# धर्म परिवर्तन के आरोप से बढ़ा तनाव, ग्रामीणों का धरना

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र में एक हिंदू युवती को बहला–फुसलाकर ले जाने और धर्म परिवर्तन कर निकाह करने के आरोप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस ने मुखराई निवासी मुस्ताक खान को पकड़ लिया है। बताया गया कि 18 सितंबर को मुखराई निवासी मुस्ताक खान पर बसौती गांव की युवती को अपने साथ ले जाने का आरोप लगा था। युवती के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की। आरोप है कि बाद में युवती का धर्म परिवर्तन कर निकाह किया गया। पुलिस ने धर्म परिवर्तन के आरोप से संबंधित धाराओं में भी कार्रवाई की है। हालांकि मामले में सामने आए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

युवती की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण बड़ी संख्या में मुखराई पहुंचे। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस और पीएसी तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। ग्रामीणों ने पंचायत कर कार्रवाई की मांग उठाई और धरना शुरू किया। मामले में हिंदू

## युवती को ले जाने के मामले में मुस्ताक खान पर मुकदमा

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर पंचायत, गांव में पुलिस तैनात

संगठनों और करणी सेना से जुड़े लोगों ने भी गिरफ्तारी की मांग की। सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

वहीं, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत ने बताया कि आरोपित को चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ लिया गया है।

## वृंदावन के आश्रम में साधु का शव मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन के एक आश्रम में शुक्रवार को 24 वर्षीय साधु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी में साधु के आश्रम की छत से कूदने की बात सामने आई है।

## जीजा के घर पर साले ने लगाई फांसी

**यूनिक समय,मथुरा।** थाना हाईवे के महौली में जीजा के घर रह रहे साले ने बीती रात घर की किचन में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

बतया गया कि नगला पदी थाना न्यू आगरा दयालबाग निवासी निखिल की बहन की शादी राजीव के साथ हुई थी। राजीव महोली गांव में मकान बना कर रह रहा था। उसका साला निखिल (21)भी उसके पास रह रहा था। बीती रात निखिल ने मकान में बने किचन में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों ने उसका शव फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीजा का कहना है कि उसने आत्महत्या किस कराण की इस बारे में किसी को कुछ जानकारी नहीं है।

## इंटरनेशनल ट्रेड शो में मथुरा के उत्पादों की दिखी खास पहचान

# ठाकुरजी की पोशाक और पेड़े ने खींचा लोगों का ध्यान

**यूनिक समय, मथुरा।** नोएडा में शुक्रवार से शुरू हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में मथुरा के उत्पादों ने अपनी अलग पहचान बनाई। ब्रज की धार्मिक–सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी ठाकुरजी की आकर्षक पोशाक और प्रसिद्ध पेड़े ने आगंतुकों का ध्यान खींचा। इसके साथ ही गोमय उत्पाद, टेक्सटाइल और मेटल उत्पादों ने मथुरा के स्थानीय हुनर और उद्यमिता की तस्वीर पेश की।

ट्रेड शो में मथुरा से 16 प्रतिभागी अपने उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं। इनमें ठाकुरजी की पोशाक, मिठाई, टेक्सटाइल, मेटल और गोमय उत्पाद तैयार करने वाले उद्यमी शामिल हैं। ट्रेड शो में ठाकुरजी की पोशाकों के प्रदर्शन के जरिए आगंतुकों को ब्रज की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिल रही है।



इंटरनेशनल ट्रेड शो सजीं भगवान की पोशाक।

मथुरा का पेड़ा यहां की प्रमुख पहचान है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के बीच लोकप्रिय इस मिठाई को बड़े व्यापारिक मंच पर प्रदर्शित करने से स्थानीय मिठाई कारोबार को नए बाजारों तक पहुंच बनाने का अवसर मिलेगा। वहीं गोमय और पंचगव्य से तैयार उत्पादों के माध्यम से पारंपरिक संसाधनों को आधुनिक उपयोग और नए बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

ट्रेड शो में हाउस ऑफ मेटल के अमन सक्सेना, आनंद शिवालिज्मार्ट के

### गोमय, टेक्सटाइल और मेटल उत्पादों ने दिखाया स्थानीय हुनर

अंकित आनंद, जेकेकेपी एंड बुक बाइंडिंग के जितेंद्र कुमार अग्रवाल, गीतांजलि एंटरप्राइजेज की गीता चौधरी, नेचर शॉप के सुनील गंगवानी, देव टेक्सटाइल्स के राहुल अधिकारी और एनके छपरिया क्रिएशन्स की सीमा छपरिया सहित अन्य उद्यमी भी शामिल हैं। अनादि इंडस्ट्रीज की रितु शर्मा और मुनेश शर्मा भी अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं। उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह ने कहा कि ट्रेड शो में ब्रज की परंपरा, स्वाद और स्थानीय उद्यमिता को व्यापक मंच मिला है।

## अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें



जमीन गिरवी रखी, 47 हजार चुकाए, फिर भी नहीं बचा तुषार
पेज-10 पर



मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन
पेज-11 पर



21 हजार किलो व्यंजनों से सजा छप्पन भोग, उमड़ा जनसैलाब
पेज-12 पर

# जनगणना की तैयारियां तेज, जिले में 3527 गणना ब्लॉक तैयार

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में आगामी जनगणना को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गुरुवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा बैठक में जिले की तैयारियों और अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई। जनगणना से जुड़े अधिकारियों ने जनपद में की जा रहीं तैयारियों की जानकारी दी।

## 4740 प्रगणक और 782 सुपरवाइजर संभालेंगे मैदानी जिम्मेदारी

## सात अक्टूबर से 98 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण होगा शुरू

अधिकारियों के अनुसार, जिले में जनगणना कार्य के लिए करीब 3527 गणना ब्लॉक तैयार किए गए हैं। इन्हें नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के अलग–अलग चार्ज में विभाजित किया गया है। जनगणना की निगरानी के लिए जिलाधिकारी को प्रमुख जनगणना अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी और एडीएम वित्त को जिला जनगणना अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तैयारियों के तहत चार मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण 16 से 19 सितंबर तक लखनऊ में पूरा हो चुका है।

अब सात अक्टूबर से 98 फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रस्तावित है। इसके बाद तहसील मुख्यालयों पर प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले में करीब 4740 प्रगणक और 782 सुपरवाइजर तैनात किए जा रहे हैं।

### द्वितीय चरण में जुटाई जाएगी अहम जानकारी

जनगणना के द्वितीय चरण में घरों और परिवारों से संबंधित विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। इसमें आवासीय स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या समेत निर्धारित जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक विवरण दर्ज किए जाएंगे। एडीएम वित्त डा. पंकज वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान गणना कर्मियों को प्रपत्र भरने, जानकारी दर्ज करने और मैदानी स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान की जानकारी दी जाएगी।




# राधा दामोदर मंदिर में धूमधाम से मनाया गया राधारानी छठी महोत्सव


राधा दामोदर मंदिर में उपहार लूटते श्रद्धालु।

**यूनिक समय, वृंदावन।** सप्त देवालयों में प्रमुख ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में राधारानी की छठी महोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मंदिर परिसर में भजन–कीर्तन और राधारानी के जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

महोत्सव के दौरान ब्रजवासी बच्चों ने राधा–कृष्ण की विभिन्न लीलाओं पर आधारित नृत्य-भक्ति गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया गया। मंदिर के सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी और आचार्य पूर्ण चंद्र गोस्वामी ने बताया कि इस वर्ष भी राधारानी की छठी का आयोजन पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर राधारानी की पारंपरिक बधाइयां भी लुटाई गईं। बधाई के रूप में खिलौने, वस्त्र, साड़ियां, रुपये और अन्य सामग्री श्रद्धालुओं में वितरित की गई। बधाइयां पाने के लिए भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## बधाइयों की वर्षा में श्रद्धालु हुए भावविभोर

## बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

मंदिर में विशेष पूजन–अर्चन, भजन-कीर्तन और उत्सव सेवाओं का आयोजन हुआ। सेवायत आचार्य करुण गोस्वामी ने बताया कि राधारानी की छठी महोत्सव ब्रज की प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# मांगों को लेकर सीएचओ काली पट्टी बांधकर जताएंगे विरोध

**यूनिक समय, मथुरा।** लंबे समय से अपनी मांगें पूरी नहीं होने से नाराज प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री और संबधित मंत्री के नाम डीएम कार्यालय पर ज्ञापन दिया।

## 30 सितंबर को लखनऊ में जुटेंगे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी

जिलाध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2024 में आंदोलन के दौरान उनकी कई मांगों पर सहमति बनी थी और उन्हें जल्द पूरा करने का भरोसा दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिलाध्यक्ष विनीत सिंह ने बताया कि सीएचओ कई वर्षों से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इसके बावजूद उनकी सेवा से जुड़ी कई मांगें लंबित हैं।

आंदोलन के पहले चरण में सीएचओ काली पट् बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराएंगे। अपने–अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मौजूद रहकर मरीजों से जुड़ी सेवाएं देंगे, लेकिन ऑनलाइन कार्य बंद रखेंगे। इसके बाद 30 सितंबर को प्रदेशभर के सीएचओ लखनऊमें एकत्र होकर आगे के आंदोलन की रणनीति तय करेंगे।

# 30 सितंबर को पांचजन्य प्रेक्षागृह में होगा युवती सम्मेलन

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से 30 सितंबर को डैंपियर नगर स्थित पांचजन्य प्रेक्षागृह में युवती सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत किया जा रहा है।

सम्मेलन में शोभायात्रा और खुला मंच प्रमुख आकर्षण रहेंगे। शोभायात्रा के माध्यम से छात्राओं की सामाजिक सहभागिता और जागरूकता को प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं खुले मंच पर छात्राओं को विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखने और संवाद करने का अवसर मिलेगा।

महानगर उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने कहा कि युवतियां समाज की महत्वपूर्ण शक्ति हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अहम है। विभाग छात्रा प्रमुख साधना प्रजापति ने सम्मेलन को छात्राओं के लिए संवाद, अभिव्यक्ति और नेतृत्व का मंच बताया। जिला छात्रा प्रमुख विनीता शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी की उम्मीद है। उन्होंने मथुरा की छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

# 17 अक्टूबर को सजेगा मां भगवती का दरबार

**यूनिक समय, कोसीकलां।** शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर रामनगर सेवा समिति द्वारा 41वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जागरण 17 अक्टूबर को महावीर बगीची, रामनगर में होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 40 वर्षों से यह जागरण अनवरत आयोजित किया जा रहा है। इस बार जागरण को और भी भव्य रूप दिया जाएगा। मां भगवती के भव्य दरबार के साथ आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी। जागरण में टी-सीरीज के मशहूर भजन गायक राजकुमार लखा भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। उनके साथ भजन गायिका मनीषा रावत, माता तारारानी कथा के लिए प्रसिद्ध गज्जू जोगी आगरा, ब्रज लाडली दीदी नीलम मथुरा और भजन गायक अशोक भार्गव मां के भजनों से भक्तों को सराबोर करेंगे।

# फर्जी तरीके से पुलिस भर्ती परीक्षा देने वालों की जमानत खारिज

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला जज विकास कुमार ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पुलिस विभाग में सिपाही होते हुए भी एक परीक्षार्थी को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए उसके स्थान पर परीक्षा देने वाले सिपाही और परीक्षार्थी की जमानत खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि पुलिस भर्ती 2025 में होने वाली परीक्षा में पुरुषोतम सिंह की ओर से उनके अधिवक्ता ने जमानत के लिए जिला जज के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। पुरुषोतम पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर नौकरी करता था।

## सिपाही होते हुए भी दे रहा था दूसरे की परीक्षा, दोनों को जमानत नहीं मिली

उसने नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2025 परीक्षा अनुज कुमार के स्थान पर इस परीक्षा के आवेदन में जानबूझकर अपना फोटो लगा कर परीक्षा में शामिल हुआ था। पुलिस विभाग में होते हुए भी उसने कूट रचाना कर परीक्षा में शामिल होने का प्रयास किया था। पकड़े जाने पर उसके व अनुज कुमार के खिलाफ थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 22 अगस्त से वह जेल में है। जिला जज ने बहस सुनने के बाद दोनों की जमानत खारिज कर दी।

# कोटवन–खरौट फाटक पर हादसा ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**यूनिक समय,कोसीकलां।** थाना क्षेत्र में गुरुवार को कोटवन–खरौट फाटक के पास किलोमीटर संख्या 1445/3–5 के बीच ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पीआरवी 7603 ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह और चौकी प्रभारी कोटवन उत्तम चौहान मौके पर पहुंचे। पुलिस को मौके पर एक शव रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान किशोर पुत्र स्वर्गीय रामचंद निवासी ग्राम जोधपुर, थाना सदर पलवल, हरियाणा के रूप में हुई।

# 13 एथलीट मंडलीय चयन ट्रायल्स में लेंगे भाग

**यूनिक समय,मथुरा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 26 सितंबर को आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडलीय सीनियर पुरुष और महिला एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स आयोजित की जाएगी। यह ट्रायल्स प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसमें प्रतिभाग करने के लिए जिले के 13 चयनित खिलाड़ियों को भेजा गया है। उप क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि पुरुष वर्ग में हर्ष सिसौदिया, बंटी, मनीष, अरुण, चरण सिंह, अनंत चौधरी, विवेक, बलराम, सौरभ और रजत का चयन किया गया है। वहीं महिला वर्ग में गुनगुन शर्मा, माधुरी कुंतल और भूमि गौतम प्रतिभाग करेंगी।

# दो घोड़ी चोरी, दो नामजद समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुनापार क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी अधिवक्ता दिलीप कुमार शर्मा ने दो घोड़ी चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि 27 सितंबर की रात गांव के तरुण दिवाकर और सागर, दोनों निवासी अलीपुर, जमुनापार दो अन्य व्यक्तियों के साथ उनकी दो घोड़ियां चोरी कर ले गए। चोरी हुई दोनों घोड़ियों की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तलाश की और सूरज मेला में जानकारी हुई कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। घोड़ियों की खरीद संबंधी रसीद भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पराली जलाने से रोकने और प्राकृतिक खेती पर जोर

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जनपद स्तरीय समिति की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन और मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस के तहत वर्ष 2026–27 में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

डीएम ने निर्देश दिए कि योजनाओं के कार्यक्रमों में हर बार नए किसानों का चयन किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से धान की पराली नहीं जलाने की अपील करते हुए कहा कि इससे वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मिट्टी की उर्वरता, लाभकारी सूक्ष्मजीव और जैविक पदार्थ प्रभावित होते हैं। पराली जलाने से पोषक तत्वों की हानि तथा आग फैलने और धुएं के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी रहता है।

## कृषि योजनाओं में हर बार नए किसानों का होगा चयन

## डीएम ने आधुनिक खेती की तकनीक प्रशिक्षण देने के दिए निर्देश

डीएम ने आत्मा योजना के तहत किसानों को आधुनिक खेती, नई तकनीक और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने, सभी कार्यक्रम समय से पूरे करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन में क्षेत्र विस्तार, उत्पादकता वृद्धि और किसानों की आय बढ़ाने पर भी जोर दिया।

बैठक में सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, एडीएम वित्त डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम गोवर्धन मजिस्ट्रेट सलोनी, एसडीएम महावन प्राजक्ता त्रिपाठी, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य सहित कृषि, उद्यान, पशुपालन, लीड बैंक, मत्स्य, नाबार्ड और पंचायत विभाग के अधिकारी, किसान, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य मौजूद रहे।

# बंदरों के हमले में ग्रामीण की गर्दन की नस कटी

**यूनिक समय, सुरीर।** थाना क्षेत्र के गांव सेओहावा में बंदरों के हमले से एक ग्रामीण गंभीर घायल हो गया। बंदर के काटने से ग्रामीण के गले की नस कट गई, जिससे मौके पर काफी खून बह गया। आनन–फानन में परिजन घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। सेओहावा निवासी पन्ना उर्फ चंद्रपाल (50 वर्ष) पर बंदरों ने हमला कर दिया था। हमले में बंदर के काटने से उनके गले में गंभीर चोट आई और नस कटने से अत्यधिक रक्तस्राव हो गया। समय रहते उपचार मिलने से उनकी जान बच सकी। घटना के बाद गांव में बंदरों के बढ़ते आतंक को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि बंदरों की समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और अधिकारी इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

# गंग नहर की सड़क पर निकला विशालकाय अजगर,मचा हड़कंप

## राहगीरों ने रोका वाहन सड़क पार करने तक देखते रहे लोग

## बरसात के बाद झाड़ियों और खेतों से बाहर आ रहे सर्प

**यूनिक समय, मथुरा।** बरसात का मौसम समाप्त होने के साथ ही सर्पों के झाड़ियों और खेतों से निकलने का सिलसिला शुरू हो गया है। गुरुवार रात थाना राया क्षेत्र में मांट ब्रांच गंग नहर की सड़क पर विशालकाय अजगर दिखाई देने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। अजगर को सड़क पर देखकर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

गांव सूरज के समीप रात में सड़क से गुजर रहे लोगों की नजर अचानक अजगर पर पड़ी। विशाल आकार के अजगर को देखकर राहगीर घबरा गए और उन्होंने कुछ देर के लिए अपने वाहन रोक दिए।

आसपास मौजूद लोग भी सड़क किनारे खड़े होकर अजगर के वहां से गुजरने का इंतजार करते रहे। बाद में अजगर सड़क पार कर झाड़ियों की ओर चला गया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

राहगीर राकेश सिंह ने बताया कि सड़क पर इस तरह वन्यजीवों के आने से हादसे की आशंका बनी रहती है। विशेषकर रात के समय वाहन चालकों को अचानक सामने आने वाले अजगर या अन्य सर्प दिखाई नहीं देने पर दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने बताया कि आसपास खेत और झाड़ियां होने के कारण पालतू पशुओं के लिए भी खतरा बना रहता है। उन्होंने वन विभाग से नहर पटरी और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है।






## सार संक्षेप

### बिजवारी मोड़ से मोटरसाइकिल चोरी

**यूनिक समय, बरसाना।** थाना क्षेत्र के बिजवारी मोड़ चौकी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। नंदगांव निवासी निजाम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 सितंबर को उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल बिजवारी मोड़ पर खड़ी की थी। लौटकर देखा तो मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेला देखने गया नौ वर्षीय बालक लापता

**यूनिक समय, बरसाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम अजनौक में मेला देखने गया नौ वर्षीय बालक कृष्णा लापता हो गया। ग्राम निवासी दयाचन्द ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 सितंबर को गांव में लगने वाले मेले में उनका बेटा कृष्णा गया था। शाम करीब छह बजे उसके लापता होने की जानकारी हुई। परिजनों ने आसपास और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन बालक का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** बल्देव पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कैलाश मार्ग सहीराम गढ़ी मोड़ के पास एक व्यक्ति को थैला समेत पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम पूरन सिंह निवासी गढ़ी सुक्खा थाना बलदेव बताया। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद थैले से 16 पव्वे नकली मार्का की देशी शराब बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि वह शराब बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है।

### तलाकशुदा बेटी घर से लापता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव जतीपुरा से 45 वर्षीय तलाकशुदा महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से तलाश करने की गुहार लगाई है। जतीपुरा निवासी दीनदयाल शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री गीता तलाकशुदा है। 23 अगस्त को वह घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई। काफी समय तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने गीता की रिश्तेदारियों सहित संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

# बलदेव में 85 किलो गांजा बरामद, पांच गिरफ्तार



बरामद गांजे के साथ पुलिस हिरासत में तस्कर।

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना बल्देव पुलिस, स्वॉट और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने गुरुवार शाम करीब छह बजे कटारा मैरिज होम के पास दाऊजी स्पेयर पार्ट्स के मालिक के गोदाम से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु निवासी शैलखेड़ा थाना बलदेव, विष्णु कुमार निवासी पालीखेड़ा थाना हाईवे, गजेन्द्र सिंह निवासी पालीखेड़ा, चन्द्रवीर निवासी एटीवी सुशांत लोक थाना हाईवे और सोना निवासी नगला जंट थाना हाईवे शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे और उनके वाहनों से कुल 85 किलो 260 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसमें गोदाम से तीन कट्टों में 56.250 किलोग्राम, स्विफ्ट कार की डिग्गी से एक कट्टे में 24.870 किलोग्राम और स्कूटी से दो पैकेटों में 4.140 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा पुलिस ने मारुति स्विफ्ट कार , टीवीएस जुपिटर स्कूटी, पांच हजार रुपये नकद और छह मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के पूर्व आपराधिक मामले भी दर्ज बताए गए हैं।

## वृद्ध ने ट्रेन के आगे लेटकर की आत्महत्या

**यूनिक समय, मथुरा।** परिवारीजनों द्वारा जायदाद के बटवारे को लेकर पत्नी के साथ की गई मारपीट से क्षुब्ध होकर वृद्ध ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या करली। कोसीकलां के कोटवन क्षेत्र में रेलवे ट्रेक पर वृद्ध द्वारा ट्रेन से कटकर आत्महत्या किए जाने के मामले में परिवार के लोगों ने बताया कि वृद्ध किशोर सिंह नेहरा (71) निवासी जोधपुर पलवल हरियाणा का परिवार में संपत्ति के बटवारे को लेकर विवाद हुआ था। आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उनके घर पर हमला कर मारपीट की थी। हमलावरों ने उनकी पत्नी भगवती (65) के साथ भी मारपीट की थी। इस घटना से आहत होकर उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।


यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।


## दहेज की मांग और उत्पीड़न का आरोप पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** बल्देव थाना क्षेत्र के गांव नोहरा की रहने वाली सविता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की अतिरिक्त मांग करने, अभद्र व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सविता के अनुसार, उसकी शादी 11 फरवरी को देवेंद्र कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में मायके पक्ष की ओर से घरेलू सामान, आभूषण और नकदी सहित काफी सामान दिया गया था।

इसके बावजूद शादी के अगले दिन से ही अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। सविता का आरोप है कि उससे एक बलेनो कार, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान, आटा चक्की और 3.50 लाख रुपये नकद की मांग की गई।

मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और दुर्व्यवहार किया गया। शिकायत में ननद अनीता और ननदोई भोला पर भी अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बीमारी के दौरान उसका उचित इलाज नहीं कराया गया।

मामले में देवेंद्र कुमार, रणवीर सिंह, प्रकाशी, अनीता और भोला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# चौबीस घंटे में सड़क हादसों में दो बाइक सवारों की मौत

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक ने मौके पर तोड़ा दम

## खड़े टेंपो से बाइक टकराई भाई घायल अस्पताल में भर्ती

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में बीते 24 घंटे में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। पहला हादसा मथुरा-भरतपुर मार्ग पर तारसी चौराहे के समीप हुआ। राधाकुंज कॉलोनी निवासी महेश (25) पुत्र विजयपाल बाइक से तारसी गांव से सामान लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में महेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दूसरा हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर नवादा के समीप हुआ। खुदैना, थाना पिलहोरा, आगरा निवासी शेर सिंह (24) पुत्र सत्येंद्र सिंह अपने छोटे भाई सत्यवीर के साथ दिल्ली से आगरा लौट रहा था।

उनकी बाइक सड़क पर गलत तरीके से खड़े टेंपो से टकरा गई। शेर सिंह की मौके पर मौत हो गई, जबकि सत्यवीर घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

# छात्र की हत्या में शामिल महिला की जमानत खरिज

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला जज विकास कुमार ने धौरेरा के जंगल में की गई संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या की हत्या में शामिल महिला अभियुक्त की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।धौरेरा के जंगल में खंडहर में छात्र विपिन की हत्या कर शव को फैंके जाने के मामले में मृतक के पिता ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में एक युवती सहित अन्य लोगों के खिलाफ हत्या कर शव को छिपाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान पुलिस के सामने यह तथ्य आया कि अभियुक्ता से विपिन के शादी से पहले संबंध थे। शादी के बाद भी विपिन उससे संबंध जबरन बना रहा था। अभियुक्त महिला ने अपने सहयोगियों के साथ षड़यंत्र कर उसे इंस्ट्राग्राम पर चेट कर बुलाया गया और उसकी सभी के साथ मिलकर हत्या कर शव को धौरेरा के जंगल में खंडर में फैंक गए। अभियुक्त महिला पांच अगस्त से जिला कारागार में है। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि अभियुक्ता की ओर से उसकी जमानत के लिए प्रार्थना पत्र जिला जज विकास कुमार की अदालत में लगाया गया। जिला जज ने दोनों पक्षों की ओर से सुनी गई बहस के बाद जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया।




# गूंजा वंदे मातरम्, राष्ट्रभक्ति से पुलकित हुए विद्या मंदिर


वंदेमातरत् गान के दौरान रतनलाल फूल कटोरी देवी की छात्राएं और शिक्षिकाएं।


श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीआइओएस राघवेंद्र सिंह।


रामकली देवी सरस्वती विद्या मंदिर में हुए वंदेमातरम् गान के दौरान विद्यार्थी।


पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्या मंदिर दीनदयाल धाम में वंदेमातरम् गान करते विद्यार्थी।

## नमामि भारतम् अभियान में एक सुर-लय में हुआ सामूहिक गान

## वक्ताओं ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम और संस्कारों का पाठ पढ़ाया

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार को विद्या भारती के नमामि भारतम अभियान के तहत सरस्वती विद्या मंदिरों में सामूहिक वंदेमातरम् का गान हुआ। एक सुर, एक लय से वातावरण पुलकित हो उठा। वंदे मातरम् के150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने राष्ट्र प्रेम और संस्कार, संस्कृति का पाठ पढ़ाया।

श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में नमामि भारतम कार्यक्रम हुआ। अतिथियों, आचार्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। डीआइओएस राघवेंद्र सिंह, भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर मनीष चौधरी और डॉ. सीताराम शर्मा ने मां सरस्वती और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार सारस्वत ने अतिथियों का स्वागत किया। राघवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। मुख्य वक्ता मनीष चौधरी ने संघर्ष, परिश्रम और समय के महत्व पर जोर दिया। प्रबंधक तेजपाल सिंह ने आभार जताया। उमाशंकर, प्रेमशंकर, हरीश सारस्वत, शिव हरी गोस्वामी, धर्मेन्द्र बंसल, सुधीर त्रिवेदी और राम सागर मिश्रा मौजूद रहे।

रतनलाल फूल कटोरी देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सामूहिक वंदे मातरम गान हुआ। सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में 3,659 छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और अभिभावकों ने एक स्वर में राष्ट्रगान किया। प्रधानाचार्य डॉ. नीता सिंह के मार्गदर्शन में हुए आयोजन में प्रबंधक डॉ. अनुज विजय और ममता जैन उपस्थित रहे।

**वृंदावन।** रामकली देवी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल केशव धाम में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ स्वामी सत्यमित्रानंद सहित अन्य अतिथियों ने किया। आचार्य–आचार्या, छात्र–छात्राओं, शिक्षाविदों और सामाजिक प्रबुद्धजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया। मुख्य अतिथि ने वंदे मातरम् को राष्ट्रप्रेम, मातृभूमि के प्रति समर्पण और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। पूर्व वरिष्ठ आचार्य बृजेंद्र शर्मा ने छात्रों को वंदे मातरम् के भाव की जानकारी दी। प्रधानाचार्य गणेश दत्त शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन राममोहन शुक्ल ने किया।

### वंदे मातरम् के सामूहिक गान से गूंजा दीनदयाल धाम

**यूनिक समय, फरह।** पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल दीनदयाल धाम में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गान हुआ। सुबह 11 बजे करीब आचार्य-आचार्या, छात्र-छात्राओं और गणमान्यजनों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। मुख्य अतिथि डॉ. रामवीर सिंह ने राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। स्मारक निदेशक सोनपाल ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रबंधक नरेंद्र कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष एडवोकेट नीरज गर्ग, प्रधानाचार्य लोकेश्वर प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आंगन मिलन सेवा समारोह में हुई पोषण रेसिपी प्रतियोगिता


आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए व्यंजन देखतीं सीडीओ डा. पूजा गुप्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** बाल विकास विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को आंगन मिलन सेवा समारोह आयोजित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में 25 वर्षों में आए नीतिगत बदलावों पर संवाद कार्यक्रम और पोषण रेसिपी प्रतियोगिता हुई।

कार्यक्रम में विधायकपूरन प्रकाश, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिला मंत्री महिला मोर्चा भाजपा पूजा चौधरी, सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी योगेंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान बाल विकास परियोजनाओं में विजयी

## विजेता आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

कार्यकर्ताओं द्वारा विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए पोषाहार से खांडवी, इडली, मूंग दाल की टिकिया, खिचड़ी आदि व्यंजन तैयार कर प्रदर्शित किए गए।

प्रतियोगिता में हरी नगर केंद्र की ललिता चौधरी प्रथम, गोपालगली केंद्र की नीतू अग्रवाल द्वितीय और छटीकरा केंद्र की सुनीता ने तृतीय प्राप्त किया। सभी विजेताओं-प्रतिभागी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

# सौंख रोड से मंडी चौराहे तक लगा लंबा जाम


शुक्रवार को मंडी चौराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन।

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर में जाम की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। कृष्णा नगर-गोवर्धन चौराहे के साथ अब मंडी चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर भी आए दिन जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। शुक्रवार को दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच कृष्णा नगर बिजलीघर के सामने से मंडी चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

कृष्णा नगर क्षेत्र के अंतर्गत सौंख रोड स्थित शनिदेव मंदिर से लेकर मंडी चौराहे तक सड़क पर वाहनों की कतार दिखाई दी। जाम के कारण वाहन चालकों को काफी देर तक रुक–रुककर आगे बढ़ना पड़ा। दोपहर के समय मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ने से स्थिति और अधिक बिगड़ गई। कृष्णा नगर क्षेत्र में जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। गोवर्धन चौराहे के बाद अब मंडी चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर भी जाम लगने से लोगों की परेशानी बढ़ रही है।

वहीं, नवादा से थाना हाइवे चौराहे तक आए दिन लगने वाले जाम की वजह से लोगों का कीमती समय खराब हो रहा है। गुरुवार रात नौ बजे के करीब गोवर्धन चौराहे पर चारों ओर से लगे जाम में एंबुलेंस और सैंकड़ों वाहन फंस गए। तेज हॉर्न का शोर लोगों को परेशान करने वाला था। लोगों ने यातायात व्यवस्था को सुचारु करने और जाम वाले स्थानों पर प्रभावी व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

बीसवीं पुण्यतिथि



स्व. श्री ओम प्रकाश अग्रवाल (तहसीलदार)
स्वर्गवास - 25/09/06
पिता स्वर्गः पिता धर्मः पिता ही परम् तपः।
पितर प्रीत आपके, प्रीयन्ते सर्व देवताः॥
श्रद्धानवत्
आशा रानी, शैलेश–कोमल (पुत्र–पुत्रवधु), ज्योति–विकास (पुत्री–दामाद) दक्ष, गरिमा (धेवता/धेवती) मेहान, ध्वनि (पौत्र/पौत्री) एवं समस्त परिवारीजन
42, तिलक नगर कॉलोनी, मथुरा।

पुण्य स्मृतियाँ


स्व. श्री राकेश कुमार बंसल
पुण्यतिथि 26.09.2020

अपने जीवनकाल में उन्होंने सदैव दृढ़ता से हमारे सभी कार्यो में सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया। उनका आशीर्वाद जीवनपर्यंत मिलता रहेगा।
आज आपकी पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारीजन आपको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।


स्व. श्रीमती सरला बंसल
पुण्यतिथि 30.11.2015

श्रद्धानवत्
गौरव बंसल–नीतू बंसल, अनुराग बंसल–खुशबू बंसल (पुत्र–पुत्रवधू) जागृति–सुबोध जी (पुत्री–दामाद), लक्ष्य,सक्षम, गौरी, अर्षिता (पौत्र–पौत्री) उज्जवल, अर्ची (धेवता, धेवती)
फर्मः बंसल मेडीकल स्टोर्स
जिला अस्पताल के सामने, मथुरा। मो. 7017522960, 9045161031

# बाइक से पत्नी को लेने जाते पति का शव रेलवे ट्रेक पर मिला

## बाइक दूर मिलने से परिवारीजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**यूनिक समय,2 मथुरा।** दो दिन पूर्व कोसीकलां के कोटवन इलाके में मिले शव की शिनाख्त परिवारीजनों ने की है। मृतक बाइक से दिल्ली स्थित रिश्तेदारी में गई पत्नी को लेने के लिए आया था। पुलिस को जिस तरह उसका शव रेलवे ट्रेक और बाइक दूसरे स्थान पर मिली, उससे परिवारीजनों ने उसके साथ किसी अनहोनी की बात कही है।

गौरतलब है कि कोसीकलां की कोटवन चौकी क्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया था।

पुलिस को एक बाइक भी लावारिस हालत में मिली थी। पुलिस ने बाइक के नंबरों से उसका पता लगा कर जब जानकारी की तो परिवार के लोगों ने मृतक का नाम शंकर साहनी(28) पुत्र चंद्रेश्वर निवासी मधुबनी बिहार बताया। परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम ग्रह पर आकर शव की शिनख्त की।

परिवारीजनों ने बताया कि शंकर साहनी कॉरपेंटर था। उसकी पत्नी 10-12 दिन पूर्व अपनी भाभी के पास शाहदरा, दिल्ली मिलने के लिए गई हुई थी। वह उसे लेने के लिए जा रहा था। पुलिस ने उसका शव तो रेलवे ट्रेक के किनारे से बरामद किया और बाइक दूसरे स्थान पर मिली। इसे देख कर उसके साथ किसी अनहोनी की आशंका है। पुलिस से इस मामले में जांच कराए जाने की मांग परिवारीजनों द्वारा की गई है।

# चौथी शादी के बाद दुल्हन पर गंभीर आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सुरीर क्षेत्र के राजागढ़ी गांव निवासी युवक ने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। गगन शर्मा के अनुसार, उसकी शादी 12 मार्च को नौहझील निवासी ज्योति से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पत्नी और उसके परिजन उससे रुपये की मांग करने लगे। इसी दौरान उसे जानकारी हुई कि ज्योति की पहले तीन शादियों हो चुकी हैं।

गगन का आरोप है कि पूर्व शादियों और तलाक के संबंध में उसे विवाह से पहले कोई जानकारी नहीं दी गई। 16 जून को ज्योति बिना बताए घर से चली गई और अपने साथ सोने के जेवर व नकदी भी ले गई। युवक ने आरोप लगाया कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 28, 29 और 30 सितंबर को खुलेंगी जिला सहकारी बैंक की सभी शाखाएं

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड की सभी शाखाओं में 28, 29 और 30 सितंबर को बैंकिंग कार्य सामान्य रूप से संचालित रहेगा। यह जानकारी सीवीडब्ल्यू (कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन) की मथुरा इकाई के अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम और मंत्री सतेन्द्र कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तीनों दिनों में मथुरा जिला सहकारी बैंक की समस्त शाखाएं सामान्य रूप से खुलेंगी और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। बैंक के खाताधारक एवं ग्राहक इन दिनों शाखाओं में पहुंचकर नियमित बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

# जीएलए ग्रेटर नोएडा कैंपस के विद्यार्थियों ने सीखी एजेंटिक एआई की नई तकनीक



जीएलए विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा कैंपस में एजेंटिक एआई कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राएं ।

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा कैंपस में सिनैप्स-एआई क्लब द्वारा एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को तेजी से विकसित हो रही इंटेलिजेंट एआई सिस्टम की तकनीक, उनकी कार्यप्रणाली और व्यावहारिक अनुप्रयोगों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में बीटेक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के साथ-साथ एमसीए के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

वर्कशॉप के रिसोर्स पर्सन फिफ्टी स्टार्स टेक्नोलॉजीज एलएलसी के डेटा साइंटिस्ट अभिनव यादव रहे। उन्होंने जनरेटिव एआई से लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एलएलएम) और एआई एजेंट्स तक के विकास को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एआई एजेंट्स को इस तरह तैयार किया जा सकता है कि वे विभिन्न कार्यों को पूरा करने, टूल्स और फंक्शंस के साथ इंटरैक्ट करने और कॉन्टेक्स्ट और मेमोरी का उपयोग कर निर्धारित उद्देश्यों को हासिल करने में सक्षम हों।

प्रशिक्षण के दौरान एजेंट आर्किटेक्चर, इफेक्टिव प्रॉम्प्टिंग, एलएलएम एपीआई इंटीग्रेशन, टूल एंड फंक्शन कॉलिंग, एजेंट लूप्स, मेमोरी और कॉन्टेक्स्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने स्वयं एक फंक्शनल एआई एजेंट तैयार किया, जिससे उन्हें एआई तकनीक को व्यावहारिक रूप से समझने और उसके साथ कार्य करने का अवसर मिला। वर्कशॉप में 70 प्रतिशत समय हैंड्स-ऑन लर्निंग और 30 प्रतिशत कॉन्सेप्चुअल अंडरस्टैंडिंग के लिए निर्धारित रहा, जिससे विद्यार्थियों को एआई तकनीक के साथ प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने का अनुभव मिला।

जीएलए ग्रेटर नोएडा कैंपस के प्रतिकुलपति प्रो. दिवाकर भारद्वाज ने कहा कि एजेंटिक एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में तेजी से उभरती तकनीक है, जो विद्यार्थियों को केवल एआई को समझने तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें ऐसे इंटेलिजेंट सिस्टम विकसित करने की दिशा में प्रेरित करती है, जो वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान में उपयोगी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के इंडस्ट्री-ओरिएंटेड एवं हैंड्स-ऑन कार्यक्रम विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जीएलए यूनिवर्सिटी का सुसज्जित लैब इंफ्रास्ट्रक्चर विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों के साथ प्रयोग करने और व्यावहारिक रूप से सीखने के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करता है।

वर्कशॉप के माध्यम से विद्यार्थियों को इंडस्ट्री प्रोफेशनल के साथ संवाद करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एक उभरते क्षेत्र के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एक्सपीरिएंशियल लर्निंग, टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड स्किल डेवलपमेंट पर भी विशेष जोर दिया गया।

# शहर में मां वैष्णो देवी जागरण की तैयारियां शुरू



भगवती जागरण को लेकर कार्ड का विमोचन करते मां वैष्णो देवी मित्र मंडल के पदाधिकारी।

### 20वें जागरण में कटरा भवन की तर्ज पर होंगे दर्शन

### 16 अक्टूबर को शोभायात्रा छप्पन भोग और जागरण आयोजन

**यूनिक समय, मथुरा।** मां वैष्णो देवी मित्र मंडल (रजि.) की ओर से 16 अक्टूबर को 20वां मां भगवती जागरण, शोभायात्रा, छप्पन भोग और फूल बंगला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तैयारियों को लेकर स्थानीय होटल में बैठक हुई।

अध्यक्ष डॉ. अंशुमान गोयल ने बताया कि सदस्यों को व्यवस्थाएं सौंप दी गई हैं। महासचिव पं. शशांक पाठक ने बताया कि कटरा स्थित भवन की तर्ज पर मां भगवती के दर्शन होंगे। भवन निर्माण के लिए जम्मू से कारीगर बुलाए जा रहे हैं। कोषाध्यक्ष बंटी गोला ने तैयारियों को अंतिम चरण में बताया।

16 अक्टूबर सुबह 10 बजे श्री मदन मोहन मंदिर स्वामीघाट से शोभायात्रा निकलेगी, जो चौक बाजार, मंडी रामदास और डीग गेट होते हुए अंगूरी वाटिका पहुंचेगी। ट्यूलिप रिसोर्ट में पंचामृत महाभिषेक, हवन, कन्या-लांगुरा पूजन होंगे। शाम आठ बजे जागरण शुरू होगा। तरुण सागर, भावना स्वरांजलि, बृजराज सिंह लक्खा, अश्विनी शर्मा और तान्या शर्मा भजन प्रस्तुत करेंगे।बैठक में रवि अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, सुमित वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, अनुज राजपूत, दीपक गोला, विशाल सैनी, अंकुर अग्रवाल, विजय तस्वीर, हिमांशु सूतिया, तरुण चोम्बाल, मौसम ड्रेस, पं. अमित भारद्वाज, अमित वर्मा, दीपक बंसल, सर्राफ गौरव, राजपूत अंकित वर्मा, अजय वर्मा, कुशाग्र अग्रवाल, अनुज पटका, नवीन खंडेलवाल, शुभम बिजली, प्रणव गोस्वामी, रोहित कोयला, शुभम सिंघल, अभिषेक अग्रवाल, गौरव कसेरे, केशव अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल, निशांत सैनी, राजेंद्र गोला, मुकेश गोला, सियाराम गोयल, धीरज गोला, राजेश गोला, राजेश सैनी, प्रशांत सक्सेना, सुमित राज, अभिनव खंडेलवाल, अंकित वर्मा, केतन सविता, पं. सौरभ शास्त्री, पं. हरिशंकर शास्त्री, रुपेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# केशव धाम में 27 सितंबर को होगा वेद पूजन महोत्सव

### अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी पर आयोजित होगा कार्यक्रम

### संत-धर्माचार्य और वैदिक विद्वान रखेंगे अपने विचार

**यूनिक समय, वृंदावन।** विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय संरक्षक अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी वर्ष पर केशव धाम में 27 सितंबर को वेद पूजन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम चार बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय अध्ययन केंद्र सभागार केशव नगर में होगा।

केशव वेद विद्यालय समिति के निदेशक ललित, अध्यक्ष नारायण दास अग्रवाल, संयोजक डॉ. सत्यमित्रानंद, कार्यक्रम संयोजक आचार्य रामविलास चतुर्वेदी और सहसंयोजक आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य अशोक सिंघल की घर-घर वैदिक शिक्षा पहुंचाने की परिकल्पना को आगे बढ़ाना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी लक्ष्मण सर्राफ करेंगे। मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलपति प्रो. शिवशंकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि लोकेश गर्ग होंगे। भागवत प्रवक्ता डॉ. मनोज मोहन शास्त्री आशीर्वचन देंगे। स्वागताध्यक्ष अनिल अग्रवाल रहेंगे। पदाधिकारी गंगाधर अरोड़ा, डॉ. रवीन्द्र शर्मा, रामदास चतुर्वेदी शास्त्री, हरस्वरूप यादव, सुधाकर द्विवेदी और संदीप चतुर्वेदी ने लोगों से सहभागिता की अपील की है।

## वामन जयंती पर मनाया भगवान वामन का प्राकट्योत्सव

**यूनिक समय, मथुरा।** भगवान वामन जयंती पर जनरल गंज स्थित बाड़ा बिहारी दास में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में धार्मिक कार्यक्रम हुए। शुभारंभ भगवान वामन की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुआ। महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भगवान वामन ने कश्यप ऋषि और माता अदिति के पुत्र के रूप में अवतार लेकर भक्तराज बलि का अहंकार नष्ट किया, धर्म और लोकमंगल का संदेश दिया। आरएस गौतम ने कहा कि भगवान वामन का जीवन नम्रता, सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन का संदेश देता है। जगदीश कौशिक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक पर्वों का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं और संस्कृति से परिचित कराया जा सकता है। कार्यक्रम में कुशल पाल शर्मा, तिलक शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, रमाशंकर शर्मा, हरीश शर्मा, शिवम शर्मा, पन्नालाल गौतम, धर्मदत्त गौतम, केके गौतम, विनीत गौतम, सत्यनारायण, जयप्रकाश गौतम, चंद्रप्रकाश गौतम आदि मौजूद रहे।

# विधि-विधान से भूमि पूजन के साथ अग्र महोत्सव का शुभारंभ



अग्र महोत्सव को भूमि पूजन का शुभारंभ करते अग्र समाज के गणमान्य लोग।

### तीन दिवसीय आयोजन में काव्य संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पलक मुच्छल की सुर संध्या बनेगी आकर्षण

**यूनिक समय,मथुरा।** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले भव्य अग्र महोत्सव का विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति के अनुसार इस बार अग्र महोत्सव को भव्य और आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। तीन दिवसीय आयोजन में भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का संगम देखने को मिलेगा। 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' संदेश के साथ स्वच्छ ब्रज अभियान को भी प्रमुखता दी जाएगी।

महोत्सव में काव्य संध्या अंदाज में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, बॉलीवुड की मशहूर गायिका पलक मुच्छल की सुर संध्या के साथ पहली बार भव्य लेजर शो आकर्षण का केंद्र रहेगा। मुख्य मेला संयोजक अंकित बंसल ने कहा कि भूमि पूजन के साथ आयोजन की तैयारियों का विधिवत शुभारंभ हो गया है। मुख्य जयंती संयोजक किशोर मित्तल ने सभी अग्रबंधुओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी जयंती प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष अशोक बंसल, प्रधानमंत्री सुभाष सिक्का, मुख्य जयंती संयोजक किशोर मित्तल और हरिओम मांट वाले, संदीप अड्की, विभोर अग्रवाल और कृष्ण मुरारी आदि मौजूद रहे।

# डॉ. अदिति हुड्डा ने पेपर प्रस्तुति में जीता प्रथम पुरस्कार



कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी और केडी डेंटल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नवप्रीत कौर के साथ डॉ. अदिति हुड्डा।

### एओएमएसआई यूपी स्टेट चैप्टर सम्मेलन में मिली उपलब्धि

### नीडल-फ्री एनेस्थीसिया पर शोधपत्र को मिला सम्मान

**यूनिक समय, मथुरा।** केडी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ. अदिति हुड्डा ने अकादमिक और शोध क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है। लखनऊ में आयोजित एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन्स ऑफ इंडिया (एओएमएसआई) के 10वें यूपी स्टेट चैप्टर सम्मेलन में पेपर प्रस्तुति के लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार मिला।

डॉ. अदिति हुड्डा वर्तमान में के.डी. डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग में एमडीएस प्रथम वर्ष की रेजिडेंट हैं। उन्होंने सम्मेलन में 'बियॉन्ड द नीडलः इवैल्यूएटिंग द क्लीनिकल एफिकेसी, पेशेंट परसेप्शन एंड डिलीवरी डायनेमिक्स ऑफ नीडल-फ्री एनेस्थीसिया' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसमें नीडल-फ्री एनेस्थीसिया की चिकित्सकीय प्रभावशीलता, मरीजों की धारणा और इसके उपयोग की प्रक्रिया से जुड़े पहलुओं का अध्ययन प्रस्तुत किया गया।

इस उपलब्धि में के.डी. यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, के.डी. डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की प्राचार्य डॉ. नवप्रीत कौर, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. हस्ती कांकड़िया और रीडर डॉ. श्रेय श्रीवास्तव का मार्गदर्शन रहा।

के.डी. यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने डॉ. अदिति को बधाई देते हुए कहा कि शोध और नवाचार चिकित्सा शिक्षा की प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं। प्रो-चांसलर मनोज अग्रवाल ने भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवा चिकित्सकों की शोधपरक उपलब्धियां विद्यार्थियों को अनुसंधान के लिए प्रेरित करती हैं। संस्थान के शिक्षकों और विभागीय सहयोगियों ने भी डॉ. अदिति को बधाई दी।

# पद्मश्री भाटिया को डॉ. रामदास गुप्त स्मृति सम्मान



पद्मश्री मोहनस्वरूप भाटिया को सम्मानित करते अध्यक्ष आरडी पालीवाल, निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी।

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन शोध संस्थान और साहित्य एकेडमी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ब्रजभाषा, साहित्य और संस्कृति विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान ब्रज साहित्य और संस्कृति के उन्नयन में समर्पित वृंदावन शोध संस्थान के अध्यक्ष आरडी पालीवाल और संस्थान निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी द्वारा पद्मश्री मोहनस्वरूप भाटिया को वर्ष 1955 से उनकी ब्रज की लोक संस्कृति-लोक साहित्य के क्षेत्र में की गई निस्पृह सेवाओं के उपलक्ष्य में संस्थान के संस्थापक की स्मृति में डॉ. रामदास गुप्त स्मृति सम्मान और एक लाख का चेक, शॉल-प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। पद्मश्री मोहनस्वरूप भाटिया ने कहा कि ब्रज के लोक साहित्य-लोक संस्कृति के संरक्षण की महत्ती आवश्यकता है अन्यथा पाश्चात्य संस्कृति प्रभावी होती जाएगी।

# तीसरी आंख की निगरानी व्यवस्था बदहाल,कैमरे बने शोपीस

## कई चौराहों पर कैमरे खराब, कुछ टूटे तो कुछ गायब

## रामलीला मेले से पहले व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग



**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर में अपराधों पर नजर रखने के लिए लगाई गई सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। पुलिस कई बड़ी वारदातों का खुलासा सीसीटीवी फुटेज की मदद से कर चुकी है, इसके बावजूद खराब कैमरों को दुरुस्त कराने और नियमित रखरखाव को लेकर जिम्मेदार गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों पर कैमरों की संख्या पहले ही सीमित है, वहीं लगे कैमरों में भी कई तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं।

नगर में कई कैमरे टूटकर लटक रहे हैं तो कुछ की दिशा बदल चुकी है। कई कैमरों में रिकॉर्डिंग नहीं हो रही है। कुछ का फोकस इतना सीमित है कि दूर का दृश्य स्पष्ट नहीं दिखाई देता। ऐसे में किसी घटना के बाद पुलिस के लिए फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान और घटनाक्रम की पड़ताल करना मुश्किल हो सकता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दिन पहले सर्राफा बाजार में हुई करोड़ों की चोरी के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज की अहम भूमिका रही थी। इसके बावजूद कैमरों के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर की सब्जी मंडी में एक कैमरा खंभे पर टेप के सहारे नीचे की ओर लटका मिला। वहीं व्यस्त घंटाघर चौराहे पर कैमरे ही गायब मिले।

ये कैमरे पुलिस ने जनता के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से लगवाए थे।

### मेले में उमड़ेगी भीड़, निगरानी पर सवाल

रामलीला महोत्सव और दशहरा-भरत मिलाप मेला नजदीक है। ऐसे में लाखों लोगों की संभावित भीड़ के बीच सुरक्षा और असामाजिक तत्वों पर निगरानी बड़ी चुनौती होगी। स्थानीय लोगों ने मेले से पहले सभी कैमरों की जांच कर खराब उपकरणों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि जो सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें जल्द ही ठीक कराया जाएगा।




# प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं: नरदेव चौधरी



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते नरदेव चौधरी आदि।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को नगर के प्रतिष्ठित सरस्वती विद्या मंदिर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय में चित्रकला, भाषण और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी कला और ज्ञान से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण के प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नरदेव चौधरी ने कहा कि हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

बस उन्हें सही दिशा और सही मंच देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि देश का हर युवा शिक्षित और संस्कारवान बने। इस दौरान भाजपा नेता दीपक बड़गूजर, सौरभ जैन, विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमुदेश कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार, भाजपा कार्यकर्ता, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# पं. दीनदयाल की जयंती पर सेवा स्वच्छता और हरियाली का संकल्प

**यूनिक समय, कोसीकलां।** जनसंघ के महान चिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर शुक्रवार को नगर भगवामय हो गया। नगर पालिका के दीनदयाल पार्क में भाजपा परिवार ने एकजुट होकर राष्ट्र के इस महान सपूत को याद किया।



जयंती पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा पदाधिकारी।

मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पंडित जी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की। पूरा वातावरण भारत माता की जय और पंडित जी अमर रहे के नारों से गूंज उठा। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा कि नगला चंद्रभान में जन्मा वो बालक आज पूरे विश्व के लिए विचार बन गया है। पंडित जी ने हमें सिखाया कि कुर्सी नहीं, सेवा बड़ी है। जब तक समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजना नहीं पहुंचती, तब तक हमारा काम अधूरा है।

चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि दीनदयाल जैसा त्याग, सादगी और संगठन कौशल आज के युवाओं को सीखना चाहिए। केवल भाषण नहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने करके दिखाया। हाथों में झाड़ू लेकर पार्क और आसपास की सड़कों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर डा. अमर सिंह पौनिया, पूर्व चेयरमैन भगवत प्रसाद रोहिला, विनय उपाध्याय, दीपक बडगूजर, टिंकुर अग्रवाल, ठा. भानू प्रताप, कन्हैयालाल गोयल, ओम प्रकाश सैनी, लक्ष्मी नारायण चंदेल आदि मौजूद रहे।

# लुप्त होती नौटंकी परंपरा को जीवित रख रहा है ब्रज नवयुवक क्लब

**यूनिक समय, कोसीकलां।** आधुनिकता की दौड़ में जब लोक कलाएं और नौटंकी जैसी प्राचीन परंपराएं धीरे–धीरे लुप्त होती जा रही हैं, ऐसे समय में ब्रज नवयुवक क्लब उन परंपराओं को जीवित रखने का सराहनीय कार्य कर रहा है। क्लब द्वारा वर्ष 1981 से लगातार भगत संगीत प्रदर्शन का आयोजन कर ब्रज की लोक संस्कृति को सहेजा जा रहा है।

इस वर्ष भी नगर के रामलीला मैदान में 21, 22 और 23 अक्टूबर को तीन दिवसीय भव्य भगत संगीत प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। क्लब अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि भगत और नौटंकी ब्रज की आत्मा हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों, अपनी संस्कृति और अपने लोक संगीत से जोड़ना है। आज मोबाइल और इंटरनेट के युग में युवा अपनी संस्कृति से दूर हो रहे हैं, ऐसे में ऐसे आयोजन उन्हें अपनी विरासत से रूबरू कराते हैं।

### 21 अक्टूबर से होगा भगत संगीत प्रदर्शन

कार्यक्रम के अंतिम दिन 23 अक्टूबर को भव्य भजन संध्या होगी, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक गोपालकृष्ण ठाकुर भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र कुमार (इंजी.) सहित नगर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। दीप प्रज्वलन लक्ष्मीनारायण तांगड़ करेंगे, मंच संचालन चौधरी जमुना प्रसाद करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक चौधरी हरी सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों से आयोजन में पहुंचने की अपील की है।

# उमराया गांव में आर पी सिंह का स्वागत कहा–जनता का प्यार ही मेरी ताकत



आरपी सिंह का स्वागत करते युवा।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** छाता विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता और जिला पंचायत सदस्य आरपी सिंह का जनाधार बढ़ रहा है। छाता ब्लॉक के ग्राम उमराया में शुक्रवार को हुए जनसंपर्क के दौरान इसका नजारा देखने को मिला, जब पूरा गांव उनका स्वागत करने के लिए उमड़ पड़ा।

जैसे ही आरपी सिंह गांव में पहुंचे, ग्रामीणों ने ढोल–नगाड़ों, फूल–मालाओं और पगड़ी पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। बुजुर्गों ने उन्हें ठाकुरजी की तस्वीर भेंट कर आशीर्वाद दिया। आरपी सिंह ने भी गांव के हर द्वार पर जाकर बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया, युवाओं को गले लगाया। जनसंपर्क के बाद आरपी सिंह ने कहा कि छाता विधानसभा के ग्राम उमराया में देवतुल्य ग्रामवासियों से जो असीम स्नेह और अपार समर्थन मिला है, उससे मन गदगद है।

आपका यह विश्वास और ऊर्जा ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की सड़क, बिजली, पानी और अन्य समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। आरपी सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों से वार्ता कर जल्द समाधान कराने का भरोसा दिलाया।

# सुरक्षा उपकरण पाकर खिले विद्युत कर्मचारियों के चेहरे

### चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल की पहल की हो रही सराहना

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर पालिका ने एक बार फिर कर्मचारी हित में अनुकरणीय पहल की है। नगर की प्रकाश व्यवस्था को सुचारू रखने में दिन–रात जुटे रहने वाले विद्युत कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने उन्हें आधुनिक सुरक्षा टूल किट का वितरण किया।

इस टूल किट में कार्य के दौरान आवश्यक सभी सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, सेफ्टी शूज, ग्लव्स और आधुनिक औजार शामिल हैं, ताकि बिजली के खंभों पर कार्य करते समय कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे पूरी तरह सुरक्षित रहकर कार्य कर सकें। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि नगर को रोशन रखने में हमारे विद्युत कर्मचारियों का अहम योगदान है। उनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। नगर पालिका उनके कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे कदम उठाती रहेगी। सुरक्षा किट पाकर कर्मचारियों में खुशी की लहर है और उन्होंने चेयरमैन का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, प्रकाश निरीक्षक मोहन अग्रवाल, पवन कुमार सहित पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ब्रह्माजी मंदिर पर दो दिवसीय वार्षिक मेला कल से

**यूनिक समय, चौमुहां।** सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी की तपोस्थली चौमुहां में आयोजित होने वाला दो दिवसीय भव्य और दिव्य वार्षिक मेला 26 सितंबर से शुरू हो रहा है। मेले को लेकर नगर पंचायत और मेला कमेटी प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

नगर पंचायत चेयरमैन सुषमा सिसौदिया ने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए मुख्य मेला स्थल सहित वहां तक पहुंचने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है। चेयरमैन प्रतिनिधि ठाकुर कारे बाबा ने बताया कि बाहर से आने वाले भक्तों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है। श्रद्धालुओं के लिए जगह–जगह शीतल पेयजल (ठंडा पानी) और विशाल भंडारे के माध्यम से महाप्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई है।

### 11 लाख की कुश्ती होगी मुख्य आकर्षण

समाजसेवी कालू पहलवान ने बताया कि मेले के पहले दिन दोपहर तीन बजे से एक विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस दंगल का मुख्य आकर्षण 11 लाख रुपये की भारी–भरकम इनामी राशि वाली अंतिम कुश्ती होगी, जिसमें देश के नामी पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे।

शनिवार शाम पथवारी मंदिर परिसर में पारंपरिक रसिया दंगल का आयोजन किया जाएगा। मेला कमेटी ने सभी क्षेत्रीय जनता और श्रद्धालुओं से मेले में पहुंचकर व्यवस्था का आनंद लेने की अपील की है।

# दुकान लगाने को लेकर महिला से मारपीट, चार नामजद

**यूनिक समय, बरसाना।** कस्बा स्थित श्री राधा रानी मंदिर के पास दुकान लगाने को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता लक्ष्मी निवासी जाटव मोहल्ला डूंगर वाली गली बरसाना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बच्चों के पालन–पोषण के लिए राधा रानी मंदिर पर दुकान लगाती है। आरोप है कि 24 सितंबर की सुबह करीब 11 बजे जब वह दुकान लगाने पहुंची तो उर्मिला और उसकी बेटी कामिनी ने उसके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। दुकान लगाने से मना करने के बाद उर्मिला ने अपने बेटों सुमित और शिवा को फोन कर बुला लिया। आरोप है कि कुछ देर बाद दोनों युवक करीब पांच-छह अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और लक्ष्मी के साथ मारपीट की। हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर वार किया, लाठी–डंडों से पीटा।

## सुविचार

अपने कर्मों से ऐसी पहचान बनाओ, जिसे समय भी मिटा न सके कभी।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | पूर्णिमा | 11:07-10:19 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | पू. भाद्रपद | 11:22-11:32 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:17 AM | चन्द्रोदय | 06:01 PM |
| सूर्यास्त | | 6:19 PM | चंद्रास्त | 05:42 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:20-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 09:17 AM: 10:47 AM | वार | शनिवार |


## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# 27 सितंबर से पितृपक्ष, पहले दिन श्रद्धा पूर्ण तरीके से करें तर्पण



**यूनिक समय, मथुरा।** पितृपक्ष को लेकर 26 और 27 सितंबर की तिथियों के बीच लोगों में असमंजस बना हुआ है। इस वर्ष आम लोगों के लिए पितृपक्ष की शुरुआत 27 सितंबर, रविवार से मानी जाएगी। इसका समापन 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ होगा। वहीं, भाद्रपद पूर्णिमा के दिन ऋषि तर्पण किया जाएगा।

### 26 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा पर होगा ऋषि तर्पण

### पूर्णिमा पर दिवंगत पूर्वजों का श्राद्ध पहले करें

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा को पितरों के बजाय ऋषियों के निमित्त तर्पण करने की परंपरा है।

पूर्णिमा तिथि में दिवंगत हुए पूर्वजों के लिए श्राद्ध कर्म भी इसी दिन किया जा सकता है। इसके बाद 27 सितंबर को आश्विन कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से पितृपक्ष का पहला श्राद्ध होगा। आश्विन प्रतिपदा तिथि 26 सितंबर की रात 10:18 बजे से शुरू होकर 27 सितंबर की रात 8:58 बजे तक रहेगी।

पितृपक्ष में तर्पण और दान का विशेष महत्व माना गया है। मान्यता के अनुसार सुबह स्नान आदि के बाद पितरों का स्मरण कर जल में काले तिल मिलाकर दक्षिण दिशा की ओर मुख करके तर्पण किया जाता है। नदी, तालाब या किसी पवित्र जलस्थल पर तर्पण करना शुभ माना जाता है। ऐसा संभव न हो तो घर में स्वच्छ स्थान पर भी श्रद्धापूर्वक तर्पण किया जा सकता है।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

पितृपक्ष केवल कर्मकांड का अवसर नहीं, बल्कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा भी है। जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र या सामर्थ्य के अनुसार दान करने की भी परंपरा है।

पूर्णिमा को जिन पूर्वजों का निधन हुआ हो, उनके लिए श्राद्ध कर्म पूर्णिमा पर अथवा सर्वपितृ अमावस्या के दिन करने की परंपरा भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित है।

# आपके नाम पर कोई और चला रहा सिम, तुरंत करें जांच

### संचार साथी पोर्टल से घर बैठे सभी नंबरों की जानकारी लें

### अनजान नंबर मिले तो तत्काल बंद कराने का अनुरोध करें

### ऐसे जांचें अपने नाम के मोबाइल नंबर

**यूनिक समय, मथुरा।** अगर आपके नाम पर जारी सिम कार्ड कोई दूसरा व्यक्ति इस्तेमाल कर रहा है तो सावधान हो जाएं। दूरसंचार विभाग ने लोगों को अपने नाम पर चल रहे मोबाइल कनेक्शनों की समय-समय पर जांच करने की सलाह दी है। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आपके नाम के सिम से साइबर अपराध या गैरकानूनी गतिविधि किए जाने पर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दूरसंचार विभाग की सलाह




के मुताबिक अपने नाम पर जारी सिम किसी दूसरे व्यक्ति को इस्तेमाल के लिए नहीं देना चाहिए। फर्जी तरीके से सिम लेने, दूरसंचार पहचान से छेड़छाड़ या मोबाइल के आईएमईआई नंबर में बदलाव जैसे मामलों में नए दूरसंचार कानून के तहत सजा और जुर्माने का प्रावधान है। सरकार के 'संचार साथी' पोर्टल पर मोबाइल नंबर के जरिए लॉगिन कर अपने नाम पर जारी सभी मोबाइल कनेक्शनों की जानकारी देखी जा सकती है। सूची में ऐसा नंबर दिखाई दे जिसे आपने नहीं लिया है या पहचानते नहीं हैं तो पोर्टल के माध्यम से उसे बंद कराने का अनुरोध किया जा सकता है। इसी पोर्टल पर मोबाइल फोन के आईएमईआई की सत्यता जांचने की सुविधा भी उपलब्ध है।

# केदारनाथ में श्रद्धालुओं ने फैलाया 250 टन कचरा



**यूनिक समय, मथुरा।** केदारनाथ धाम की इस वर्ष की यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ कचरे की समस्या भी गंभीर हुई है। 156 दिनों में 15.45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने के दौरान करीब 250 टन कचरा एकत्र हुआ है। गौरीकुंड से केदारनाथ तक 16 किलोमीटर पैदल मार्ग पर कई जगह प्लास्टिक की पन्नियां और खाने-पीने की सामग्री बिखरी दिखाई दे रही है।

केदारनाथ नगर पंचायत और सुलभ इंटरनेशनल के अनुसार कचरे के निस्तारण और सफाई के लिए 450 से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। यात्रा मार्ग पर 31 सुलभ शौचालय और 71 स्टील फ्रेम शौचालय संचालित हैं, जबकि धाम तक 600 से अधिक कूड़ेदान लगाए गए हैं।

नगर पंचायत अधिकारी नीरज कुकरेती ने बताया कि मशीनों की मदद

### सफाई में जुटे 450 कर्मचारी

### 15.45 लाख श्रद्धालुओं ने 156 दिन में फैलाया भारी कचरा

से करीब 24 टन सूखे कचरे की सिल्लियां तैयार की गई हैं। इन्हें धाम से नीचे लाया जा रहा है। शेष कचरे के निस्तारण की तैयारी चल रही है। अधिकारियों के मुताबिक कचरे से होने वाली आय को स्वच्छता व्यवस्था बेहतर करने में खर्च किया जाएगा।

2025 की पूरी यात्रा अवधि में 21.40 टन कचरा निकला था। इस वर्ष की मात्रा उससे कई गुना अधिक है। पिछले वर्ष 19.62 लाख श्रद्धालुओं ने केदारनाथ के दर्शन किए थे।

# महर्षि निमि ने शुरू की थी पितरों के श्राद्ध की परंपरा

**यूनिक समय, मथुरा।** पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने की परंपरा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, धरती पर सबसे पहले महर्षि निमि ने अपने पितरों के लिए श्राद्ध किया था। बाद में अन्य ऋषियों ने भी इस परंपरा को अपनाया और धीरे-धीरे यह पितृपक्ष के रूप में स्थापित हो गई।

कथा के अनुसार, महर्षि निमि के पुत्र का निधन हो गया था। पुत्र वियोग में दुखी निमि ने उसकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण और अन्न से अनुष्ठान किया।

इसके बाद उनके मन में प्रश्न उठा कि जो कार्य पहले मुनियों ने नहीं किया, वह उन्होंने क्यों किया। उन्होंने अपने पिता महर्षि अत्रि का स्मरण किया। अत्रि



ने प्रकट होकर उन्हें श्राद्ध और तर्पण की विधि

### पुत्र की आत्मा की शांति को किया तर्पण और अन्नदान

### ऋषियों ने अपनाया, फिर पितृपक्ष की बनी धार्मिक परंपरा

समझाई। महर्षि निमि ने विधिपूर्वक श्राद्ध किया, जिसे देवताओं और पितरों ने स्वीकार किया।

यह देखकर अन्य ऋषियों ने भी श्राद्ध कर्म शुरू किया। महाभारत में भी श्राद्ध की महत्ता का उल्लेख मिलता है। मान्यता है कि युधिष्ठिर ने युद्ध में मारे गए लोगों के लिए श्राद्ध किया था। भगवान राम द्वारा पिता दशरथ का श्राद्ध करने की कथा भी प्रसिद्ध है।

# गोवर्धन में तर्पण, अस्थि विसर्जन करते हैं मणिपुरी श्रद्धालु

**यूनिक समय, गोवर्धन।** ब्रजभूमि और मणिपुर के बीच धार्मिक एवं सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराना है। पितृपक्ष में मणिपुर के वैष्णव श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए गोवर्धन और राधाकुंड पहुंचते हैं। यहां तर्पण, श्राद्ध और अस्थि विसर्जन की परंपरा निभाई जाती है। मणिपुरी समाज राधाकुंड को गया के समान पितृ कर्म का पवित्र स्थल मानता है।

राधाकुंड के समीप स्थित शिव कुंड का भी मणिपुरी श्रद्धालुओं में विशेष महत्व है। मान्यता के अनुसार परिजन की मृत्यु के बाद अस्थियों का कुछ हिस्सा गंगाजी में और कुछ हिस्सा ब्रज के पवित्र कुंडों में विसर्जित किया जाता है। श्रद्धालु भगवान शिव की कृपा से दिवंगत आत्मा की मुक्ति की कामना करते हैं।



स्थानीय दीपू जोशी के अनुसार मणिपुर से आने वाले श्रद्धालु अपने परिजनों की अस्थियां लेकर राधाकुंड पहुंचते हैं। राधारानी को अर्पण करने के बाद पीपल के पेड़ के नीचे गड्ढा खोदकर अस्थियों का कुछ हिस्सा गाड़ते हैं और पेड़ पर कपड़ा बांधकर लौटते हैं। पितृपक्ष में यहां श्राद्ध कुंड स्थित गया घाट पर भी तर्पण और श्राद्ध किया जाता है।

### राधाकुंड को गया के समान पितृ शांति का मानते हैं स्थल

### पीपल के नीचे अस्थियां गाड़कर पेड़ पर बांधते हैं कपड़ा

बताया जाता है कि 18वीं शताब्दी में मणिपुर के राजा भाग्यचंद्र द्वारा गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय अपनाने के बाद ब्रज से यह जुड़ाव और मजबूत हुआ। राधाकुंड स्थित गोपाल मणिपुरी मंदिर इस संबंध की पहचान है। इस वर्ष पितृपक्ष का नियमित आरंभ 27 सितंबर से और समापन 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या पर होगा।

## सम्पादकीय

# वोटर सूची पर घमासान, सियासत से सड़क तक संग्राम

मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियादी व्यवस्था है। इसमें किसी भी तरह का बदलाव केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नागरिक के मतदान अधिकार से जुड़ा विषय है। यही वजह है कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर उठे सवाल अब चुनावी राजनीति के केंद्र में आ गए हैं। शुक्रवार को कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कई राज्यों में प्रदर्शन किया। दि ल्ली में चुनाव आयोग की ओर मार्च हुआ, जबकि अलग–अलग स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति भी बनी। विवाद की गंभीरता इस तथ्य से भी समझी जा सकती है कि द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस महीनों में आयोग के निर्णयों और प्रक्रियाओं पर कम से कम 14 बार लिखित आपत्ति दर्ज की। रिपोर्ट में मतदाता पंजीकरण, नाम हटाने, मतदाता आंकड़ों तक पहुंच और एसआईआर से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर सवालों का उ ल्लेख है। हालांकि इन रिपोर्टों के बाद चुनाव आयोग ने कहा है कि एसआईआर समेत उसके अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। इसलिए फिलहाल सार्वजनिक विमर्श में दो अलग–अलग पक्ष सामने हैं–एक ओर विपक्ष आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा है, दूसरी ओर आयोग निर्णय प्रक्रिया में किसी मतभेद से इनकार कर रहा है। इन दावों के बीच वास्तविक तथ्यों और न्यायिक प्रक्रिया का महत्व बढ़ जाता है। इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष राजनीतिक आरोप नहीं, बल्कि यह होना चाहिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न हो। मतदाता सूची में मृत, स्थानांतरित या दोहरे नाम हटाना प्रशासनिक रूप से जरूरी हो सकता है, लेकिन इसके साथ सत्यापन, सूचना, सुनवाई और अपील की पर्याप्त व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है। दिल्ली में एसआईआर से जुड़े 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' नोटिसों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगना भी बताता है कि प्रक्रिया की पारदर्शिता और स्पष्टता पर न्यायिक निगरानी बनी हुई है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग की विश्वसनीयता किसी एक दल या व्यक्ति का विषय नहीं है। चुनाव प्रक्रिया पर जनता का भरोसा तभी मजबूत होगा, जब मतदाता सूची तैयार करने से लेकर नाम जोड़ने और हटाने तक हर कदम स्पष्ट, जांच योग्य और कानून के अनुरूप दिखाई दे। सड़क पर प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन विवाद का स्थायी समाधान राजनीतिक नारों से नहीं, बल्कि तथ्य, पारदर्शिता और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही से निकलेगा। एसआईआर को लेकर उठे सवालों का निष्पक्ष परीक्षण होना चाहिए और पात्र मतदाता का मताधिकार हर स्थिति में सुरक्षित रहना चाहिए। यही लोकतंत्र की वास्तविक कसौटी है।



पवन गौतम
संपादक

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

## नजरिया

# हजारों दोस्त फिर भी अकेला क्यों होता इंसान

सुरेश हिंदुस्तानी




सोशल मीडिया ने दुनिया को हमारी हथेली पर ला दिया है। एक क्लिक पर देश–दुनिया की खबरें सामने हैं, हजारों लोगों से संपर्क संभव है और विचारों को कुछ ही क्षणों में लाखों लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। तकनीक ने निश्चित रूप से संवाद की दूरी कम की है, लेकिन इसके साथ एक गंभीर सवाल भी खड़ा हुआ है–क्या संपर्क बढ़ने के साथ रिश्तों की आत्मीयता भी बढ़ी है? आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक यह है कि आभासी दुनिया में मनुष्य के संपर्क लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में अकेलापन भी गहराता जा रहा है।

सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति के सैकड़ों या हजारों मित्र हो सकते हैं। उसके संदेश पर कुछ ही मिनटों में दर्जनों प्रतिक्रियाएं आ सकती हैं। जन्मदिन पर शुभकामनाओं की बाढ़ आ सकती है और किसी तस्वीर पर लाइक तथा टिप्पणियों की संख्या देखकर उसे सामाजिक स्वीकार्यता का अनुभव भी हो सकता है। लेकिन जब जीवन में वास्तविक संकट आता है, तब यही प्रश्न सामने खड़ा होता है कि आखिर ऐसा कौन है जो फोन की स्क्रीन से बाहर निकलकर हमारे साथ खड़ा होगा? यही अंतर आभासी संपर्क और वास्तविक संबंध के बीच की दूरी को स्पष्ट करता है।

पहले किसी अपने से मिलने के लिए समय निकालना पड़ता था। आमने–सामने बैठकर बातचीत होती थी। सामने वाले के चेहरे के भाव पढ़े जाते थे और कई बार मौन भी बहुत कुछ कह देता था। आज बातचीत का बड़ा हिस्सा संदेशों, इमोजी और छोटी टिप्पणियों तक सीमित होता जा रहा है। तकनीक ने सुविधा बढ़ाई है, लेकिन कई बार सुविधा ने रिश्तों में लगने वाले समय को ही कम कर दिया है। किसी व्यक्ति की समस्या सुनने के बजाय उसके संदेश पर एक औपचारिक प्रतिक्रिया देना आसान हो गया है।

इसका सबसे स्पष्ट प्रभाव परिवारों में दिखाई देता है। एक ही घर में रहने वाले सदस्य कई बार अपने–अपने मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। भोजन की मेज पर बातचीत के बजाय स्क्रीन पर नजरें रहती हैं। बच्चे डिजिटल मनोरंजन में व्यस्त हैं तो माता–पिता संदेशों, समाचारों और सामाजिक मंचों में उलझे रहते हैं। परिवार भौतिक रूप से एक स्थान पर मौजूद होता है, लेकिन भावनात्मक दूरी बढ़ती जाती है। घर की दीवारें साथ रहती हैं, पर बातचीत कम होती जाती है।

सोशल मीडिया का एक और प्रभाव लगातार तुलना की प्रवृत्ति है। डिजिटल मंच पर हर व्यक्ति अपने जीवन का वही हिस्सा दिखाता है, जिसे वह दूसरों के सामने प्रस्तुत करना चाहता है। सफलताएं, यात्राएं, उपलब्धियां, उत्सव और खुशियों के दृश्य बार–बार दिखाई देते हैं। इससे देखने वाले व्यक्ति को यह भ्रम हो सकता है कि बाकी सभी लोग उससे अधिक सफल और खुश हैं। जबकि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली तस्वीर किसी के पूरे जीवन का प्रतिनिधित्व नहीं करती। दुख, असफलता, संघर्ष और चिंता अक्सर उस आभासी तस्वीर का हिस्सा नहीं बनते।

यही तुलना धीरे–धीरे आत्मसंतोष को प्रभावित कर सकती है। व्यक्ति अपनी उपलब्धियों को देखने के बजाय दूसरों की दिखाई देने वाली उपलब्धियों से खुद को मापने लगता है। लाइक और टिप्पणियां सामाजिक स्वीकृति के नए पैमाने बनने लगती हैं। किसी पोस्ट पर अपेक्षा से कम प्रतिक्रिया मिलने पर बेचैनी और अधिक प्रतिक्रिया मिलने पर क्षणिक संतोष पैदा हो सकता है। इस तरह बाहरी मान्यता पर निर्भरता बढ़ती जाती है। विडंबना यह है कि हजारों लोगों की प्रतिक्रियाएं पाने वाला व्यक्ति भी अपने मन की बात कहने के लिए एक भरोसेमंद व्यक्ति तलाश सकता है।

सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति को आसान बनाया है, लेकिन अभिव्यक्ति और संवाद में अंतर है। संवाद केवल बोलने का नाम नहीं, सुनने की क्षमता भी उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। डिजिटल माध्यमों पर प्रतिक्रिया देने की जल्दबाजी कई बार सुनने और समझने की क्षमता को पीछे छोड़ देती है। असहमति होते ही बहस व्यक्तिगत आरोपों तक पहुंच जाती है। विचारों का आदान–प्रदान कई बार विचारों की टकराहट में बदल जाता है। इससे सामाजिक विश्वास और आपसी संवेदनशीलता पर असर पड़ सकता है।

हालांकि सोशल मीडिया को पूरी तरह समस्या के रूप में देखना भी उचित नहीं होगा। इसने दूर बैठे परिवारों को जोड़ा है, शिक्षा और जानकारी के नए रास्ते खोले हैं, रोजगार तथा व्यवसाय के अवसर उपलब्ध कराए हैं और संकट के समय सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनेक सामाजिक अभियानों और जनहित के मुद्दों को व्यापक मंच भी सोशल मीडिया से मिला है। इसलिए समस्या तकनीक के अस्तित्व में नहीं, बल्कि उसके उपयोग के तरीके में है।

आवश्यकता तकनीक से दूरी बनाने की नहीं, बल्कि उसके साथ संतुलन स्थापित करने की है। परिवारों में ऐसा समय निर्धारित किया जा सकता है जब सभी सदस्य मोबाइल से दूर रहकर एक–दूसरे से बातचीत करें। बच्चों के साथ संवाद केवल पढ़ाई और अनुशासन तक सीमित न हो, बल्कि उनके विचारों, मित्रों, भय और सपनों तक पहुंचे। बुजुर्गों के साथ समय बिताने का अर्थ केवल उनकी डिजिटल जरूरतों को पूरा करना नहीं, बल्कि उनके अनुभवों को सुनना भी होना चाहिए। मित्रों और रिश्तेदारों से कभी-कभी आमने-सामने मिलना भी उतना ही जरूरी है जितना ऑनलाइन संपर्क बनाए रखना।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें 'कनेक्टेड' होने और 'जुड़े' होने का अंतर समझना होगा। तकनीक संपर्क बनाती है, लेकिन संबंध मनुष्य बनाता है। संपर्क सूची में मौजूद सैकड़ों नाम एक ऐसे व्यक्ति का स्थान नहीं ले सकते, जो संकट में हमारे पास खड़ा हो। सैकड़ों टिप्पणियां उस आत्मीय बातचीत का विकल्प नहीं बन सकतीं, जिसमें कोई हमारी बात सुनकर उसे समझने का प्रयास करे।

आज मनुष्य को केवल सूचना की जरूरत नहीं है, उसे आत्मीयता की भी आवश्यकता है। उसे केवल दर्शक नहीं, श्रोता चाहिए। केवल अनुयायी नहीं, साथी चाहिए। सोशल मीडिया की भीड़ में अकेलापन बढ़ना कोई अनिवार्य भविष्य नहीं है, बल्कि यह हमारे सामने खड़ी एक चेतावनी है। यदि तकनीक को साधन बनाए रखा जाए और जीवन का विकल्प बनने से रोका जाए, तो डिजिटल दुनिया हमारी सामाजिकता को कमजोर करने के बजाय उसे नए आयाम दे सकती है।

आखिरकार सवाल यह नहीं है कि हमारे सोशल मीडिया पर कितने मित्र हैं। असली सवाल यह है कि हमारी जिंदगी में कितने ऐसे लोग हैं, जिनके सामने हम बिना किसी दिखावे के अपने मन की बात कह सकते हैं। यही वास्तविक जुड़ाव है और शायद आधुनिक समय में इसी की सबसे अधिक जरूरत है।

## विचार विंडो

# विचारों की मशाल बनकर आज भी प्रासंगिक हैं दीनदयाल

राम प्रकाश शर्मा

कुछ व्यक्तित्व समय की सीमाओं से आगे निकल जाते हैं। उनका जीवन भले ही लंबा न हो, लेकिन उनके विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए विमर्श का आधार बन जाते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ही व्यक्तित्व थे। 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान में जन्मे दीनदयाल उपाध्याय ने कठिन परिस्थितियों के बीच शिक्षा प्राप्त की और आगे चलकर भारतीय राजनीति, संगठन, पत्रकारिता तथा सामाजिक चिंतन में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी जयंती केवल किसी राजनीतिक व्यक्तित्व के स्मरण का अवसर नहीं है, बल्कि यह विचार करने का भी समय है कि सार्वजनिक जीवन में विचार, सादगी, अनुशासन और सामाजिक सरोकारों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

दीनदयाल उपाध्याय का बचपन संघर्षों से भरा रहा। कम उम्र में माता–पिता को खो देने के बावजूद उन्होंने शिक्षा के प्रति अपना समर्पण बनाए रखा। छात्र जीवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका संपर्क हुआ और धीरे–धीरे उन्होंने अपना जीवन संगठनात्मक कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। भारतीय जनसंघ के गठन के दौर में संगठन को खड़ा करने और देशभर में उसका विस्तार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे आगे चलकर जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। उनका राजनीतिक जीवन सत्ता और पद की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से अधिक संगठन और वैचारिक कार्य के लिए जाना जाता है।

उनकी सबसे चर्चित वैचारिक अवधारणा 'एकात्म मानववाद' रही। यह विचार मनुष्य को केवल आर्थिक इकाई मानने के बजाय उसके शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समन्वित स्वरूप को देखने का प्रयास करता है। इसके केंद्र में यह धारणा है कि आर्थिक प्रगति आवश्यक है, लेकिन केवल उत्पादन, आय और उपभोग में वृद्धि को ही विकास का अंतिम पैमाना नहीं माना जा सकता। व्यक्ति के साथ समाज, संस्कृति और राष्ट्र के संबंधों को भी विकास की व्यापक तस्वीर में स्थान मिलना चाहिए।



आज जब विकास को लेकर दुनिया भर में बहस आर्थिक आंकड़ों, रोजगार, तकनीक और संसाधनों के इर्द–गिर्द होती है, तब दीनदयाल का चिंतन यह प्रश्न सामने रखता है कि विकास का वास्तविक लाभ किस तक पहुंच रहा है। यही प्रश्न उनके 'अंत्योदय' के विचार को महत्वपूर्ण बनाता है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सुधार को विकास की सफलता से जोड़ना एक ऐसी दृष्टि है, जिस पर आज भी सार्वजनिक नीति और सामाजिक विकास के संदर्भ में चर्चा की जा सकती है।

दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष स्वावलंबन और विकेंद्रीकरण था। उनका मानना था कि आर्थिक व्यवस्था का स्वरूप समाज की आवश्यकताओं और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप होना चाहिए। गांव, स्थानीय अर्थव्यवस्था और छोटे उत्पादकों की भूमिका को नजरअंदाज करके व्यापक विकास की कल्पना अधूरी रह सकती है। उनके विचारों को आज के संदर्भ में देखने पर स्थानीय अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी जैसे विषयों से उनका संबंध दिखाई देता है। उनका व्यक्तित्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं था। वे पत्रकार और लेखक भी थे। 'राष्ट्रधर्म', 'पाञ्चजन्य' और 'स्वदेश' जैसे प्रकाशनों के माध्यम से उन्होंने राष्ट्रीय जीवन, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीति से जुड़े विषयों पर लिखा। उनकी लेखनी में वैचारिक स्पष्टता और सामाजिक विषयों के प्रति गंभीरता दिखाई देती थी। पत्रकारिता को वे समाज में जागरूकता पैदा करने का माध्यम मानते थे। आज सूचना के तेज प्रवाह और डिजिटल माध्यमों के दौर में उनके पत्रकारिता संबंधी विचारों को तथ्य, संदर्भ और जिम्मेदारी के प्रश्नों से जोड़कर देखा जा सकता है।

उनका निजी जीवन भी उनके सार्वजनिक विचारों से अलग नहीं था। सीमित साधनों में सादा जीवन जीना, संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ सहज संबंध रखना और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा से अधिक सामूहिक उद्देश्य को महत्व देना उनके व्यक्तित्व की चर्चित विशेषताएं रहीं। यही कारण है कि उनके जीवन पर चर्चा करते समय केवल उनके राजनीतिक पदों का उल्लेख पर्याप्त नहीं होता। उनकी कार्यशैली और जीवन–पद्धति भी उनके व्यक्तित्व को समझने का महत्वपूर्ण आधार बनती है।

11 फरवरी 1968 को मुगलसराय रेलवे स्टेशन के निकट उनका शव मिला। उनकी मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर लंबे समय तक सवाल और चर्चाएं बनी रहीं। इतनी कम आयु में उनका जीवन समाप्त हो जाना भारतीय राजनीतिक इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल है। लेकिन किसी विचारक की विरासत केवल उसके जीवनकाल से नहीं मापी जाती। मृत्यु के दशकों बाद भी यदि उसके विचारों पर बहस जारी रहे, तो यह उसकी वैचारिक उपस्थिति का संकेत है।

दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से सहमति रखने वालों के लिए वे एक महत्वपूर्ण वैचारिक आधार हैं और उनसे असहमति रखने वालों के लिए भी उनका चिंतन भारतीय राजनीति और समाज को समझने का एक महत्वपूर्ण संदर्भ है। किसी भी विचार को समझने के लिए उसे उसके ऐतिहासिक और सामाजिक संदर्भ में देखना आवश्यक है। यही लोकतांत्रिक विमर्श की स्वस्थ परंपरा भी है।

आज उनकी जयंती पर सबसे सार्थक स्मरण यही होगा कि उनके विचारों को केवल नारों तक सीमित न रखा जाए। एकात्म मानववाद, अंत्योदय, स्वावलंबन, विकेंद्रीकरण और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर निरंतर संवाद हो। सार्वजनिक जीवन में सादगी, अनुशासन और सेवा की भावना पर भी विचार किया जाए। दीनदयाल उपाध्याय का जीवन भले ही अल्प रहा, लेकिन उनके विचारों ने भारतीय सार्वजनिक विमर्श में एक स्थायी स्थान बनाया। विचारों की यही निरंतरता किसी भी विचारक की सबसे बड़ी विरासत होती है।

# सुरुचि और कमलजीत ने शूटिंग में जीता सोना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नागोया में चल रहे एशियन गेम्स के छठे दिन भारत के लिए शूटिंग में बड़ी सफलता आई। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सुरुचि सिंह और कमलजीत की जोड़ी ने 484.6 अंक हासिल कर गोल्ड मेडल जीता। भारतीय जोड़ी ने इसी स्कोर के साथ एशियन गेम्स रिकॉर्ड भी बनाया। यह मौजूदा गेम्स में भारत का दूसरा गोल्ड है। इससे पहले महिला क्रिकेट टीम ने भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। शूटिंग में भारत के लिए यह पहला गोल्ड मेडल रहा। छठे दिन भारत ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम इवेंट में भी सिल्वर मेडल जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्राक्ष पाटिल और नीरज कुमार की तिकड़ी ने भारत को यह पदक दिलाया। इससे भारत की मेडल टैली में लगातार इजाफा हुआ। दूसरी ओर बैडमिंटन



## एशियन गेम्स में भारत का दूसरा गोल्ड

में भारत को बड़ा झटका लगा। डिफेंडिंग चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पुरुष डबल्स के पहले राउंड में ही हारकर बाहर हो गए। थाईलैंड की जोड़ी ने भारतीय टीम को 21-12, 19-21, 21-14 से हराया। पिछले एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने वाली सात्विक-चिराग की जोड़ी इस बार अपना खिताब बचाने में नाकाम रही। कबड्डी में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में थाईलैंड को 66-27 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि महिला टीम ने नेपाल को 48-24 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। दोनों टीमें अब गोल्ड मेडल के लिए मुकाबला करेंगी। स्क्वॉश में अनाहत सिंह ने साथी खिलाड़ी तान्वी खन्ना को 3-0 से हराकर महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में वीर चोत्रानी क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान से 1-3 से हार गए, जबकि अभय सिंह सेमीफाइनल में पहुंच गए। महिला हॉकी टीम ने भी जापान को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टेबल टेनिस में मनुष शाह और दिया चितले ने मिक्स्ड डबल्स का सेमीफाइनल खेलते हुए ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया। एथलेटिक्स में मनप्रीत कौर ने महिला शॉटपुट में 17.17 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज जीता।

# आईसीसी इवेंट जीतना है तो भारत को हराना होगा



## डैरेन सैमी का भारत पर बड़ा बयान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 27 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले वेस्टइंडीज के हेड कोच डैरेन सैमी ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। सैमी ने कहा कि यह सीरीज उनकी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पता चलेगा कि वेस्टइंडीज की टीम वनडे क्रिकेट में किस स्तर पर है और उसने कितनी प्रगति की है। तिरुवनंतपुरम में रविवार को होने वाले पहले वनडे से पहले पत्रकारों से बातचीत में सैमी ने कहा कि वेस्टइंडीज ने भारत में पिछले 24 साल से कोई वनडे सीरीज नहीं जीती है। ऐसे में खिलाड़ियों के पास इस लंबे इंतजार को खत्म करने और भारत के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने का शानदार मौका है। सैमी ने कहा कि अगर वेस्टइंडीज को लिमिटेड ओवर क्रिकेट में कोई बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट जीतना है, तो उसे भारत को हराना होगा। उनके मुताबिक भारत को उसी के घर में हराने से टीम को अपनी तैयारियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला करने की क्षमता का सही अंदाजा मिलेगा। वेस्टइंडीज की टीम 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालिफाई नहीं कर पाई है और उसे अगले साल की शुरुआत में क्वालिफायर मुकाबले खेलने होंगे।

# जोस बटलर ने रचा इतिहास



## 10 हजार रन बनाने वाले इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज बने

## श्रीलंका के खिलाफ 49 गेंदों में जड़ी 69 रनों की तूफानी पारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में इतिहास रच दिया। लीड्स के हेडिंग्ले में खेले गए मुकाबले में बटलर ने महज 49 गेंदों पर 69 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी पारी में पांच चौके और पांच छक्के शामिल रहे। इस पारी के दौरान बटलर ने सीमित ओवरों की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 10 हजार रन पूरे कर लिए। वह वनडे और टी20 इंटरनेशनल को मिलाकर 10 हजार रन बनाने वाले इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। बटलर ने 204 वनडे मैचों में 39.16 की औसत से 5678 रन बनाए हैं, जबकि 163 टी20 इंटरनेशनल मैचों में उनके नाम 34.79 की औसत से 4384 रन हैं। दोनों फॉर्मेट के रन जोड़ने पर उनका आंकड़ा 10 हजार से अधिक हो गया है। वनडे क्रिकेट में भी बटलर इंग्लैंड के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में जो रूट 7885 रन के साथ पहले और इयोन मोर्गन 6957 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हालांकि, बटलर की इस तूफानी पारी के बावजूद इंग्लैंड को दूसरे वनडे में जीत नहीं मिली। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 321 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने 37 ओवर में चार विकेट पर 251 रन बना लिए थे और टीम मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी, लेकिन अंतिम ओवरों में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने मुकाबले का रुख बदल दिया।

# मिर्जापुर- द मूवी ने पार किया 300 करोड़ का आंकडा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु और जितेंद्र कुमार स्टारर 'मिर्जापुरः द मूवी' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमेजन टॅट स्टूडियोज की यह फिल्म दुनियाभर में 300 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म की रफ्तार वीकडेज में भी बनी हुई है और नई रिलीज फिल्मों के बावजूद सिनेमाघरों में दर्शकों को आकर्षित कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार को 1.65 करोड़ रुपये, मंगलवार को 1.40 करोड़ रुपये और गुरुवार को 1.20 करोड़ रुपये की कमाई की। 'मिर्जापुरः द मूवी' अब इस साल की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ओवरसीज फिल्मों में शामिल हो गई है। फिल्म की खास बात यह है कि यह एक ऐसी फ्रेंचाइजी से जुड़ी है, जिसने ओटीटी से शुरुआत




## पंकज त्रिपाठी की फिल्म बनी साल की तीसरी सबसे बड़ी ओवरसीज हिट

कर बड़े पर्दे तक का सफर तय किया है। मजबूत कहानी, दमदार डायलॉग, लोकप्रिय किरदार और लंबे समय से बनी फैन फॉलोइंग फिल्म की अपील को बढ़ा रहे हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु के साथ अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौर, श्वेता त्रिपाठी और सोनल सोनवणे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है, जबकि कहानी पुनीत कृष्णा ने लिखी है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने इसे प्रोड्यूस किया है। 'मिर्जापुर द मूवी' 4 सितंबर 2026 को हिंदी और तेलुगु भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# 'लव एंड वॉर' में आलिया का लुक आया सामने

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' से आलिया भट्ट का पहला लुक सामने आ गया है। भंसाली ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आलिया की तस्वीर शेयर की। इसमें एक्ट्रेस 60 और 70 के दशक के रेट्रो फैशन में नजर आ रही हैं। उनके लुक में ओल्ड-स्कूल फैशन, स्पार्कलिंग डिटेल्स और विंटेज स्टाइलिंग का खास ध्यान रखा गया है। फिल्म में आलिया के साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इससे पहले बुधवार को फिल्म से रणबीर कपूर का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया था। पोस्टर में रणबीर इंटेंस और रॉ अंदाज में दिखाई दिए।

# एशियन गेम्स में भारत ने जीता सिल्वर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय शूटिंग टीम ने एक और मेडल अपने नाम किया है। शुक्रवार को आइची प्रीफेक्चरल जनरल शूटिंग गैलरी में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्राक्ष पाटिल और नीरज कुमार की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशंस टीम फाइनल में सिल्वर मेडल जीता। भारतीय निशानेबाजों ने कुल 1762-94 का स्कोर हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। चीन ने 1766-95 के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1751-87 स्कोर के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। भारतीय टीम ने नीलिंग सीरीज में 587 और प्रोन सीरीज में 593 अंक हासिल किए। इसके बाद स्टैंडिंग सीरीज में 582 अंक जोड़कर कुल स्कोर 1762-94 तक पहुंचाया। इस प्रदर्शन के साथ भारत को शूटिंग में एक और पदक मिला।

# मुश्ताक खान के निधन से सदमे में राजपाल यादव

## अस्पताल में अभिनेता ने राजपाल यादव को देखा और हाथ मिलाया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिनेता मुश्ताक खान के निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। 56 साल की उम्र में कैंसर से जूझते हुए मुश्ताक खान ने इलाज के दौरान दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन के बाद अभिनेता राजपाल यादव ने अपनी आखिरी मुलाकात को याद करते हुए भावुक पोस्ट साझा किया। खास बात यह है कि दोनों की मुलाकात मुश्ताक खान के निधन से महज दो घंटे पहले अस्पताल में हुई थी। राजपाल यादव के मुताबिक, वह उसी दोपहर अस्पताल में मुश्ताक खान से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान मुश्ताक ने उन्हें देखा, हाथ मिलाया और आसपास चल रही



बातचीत पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी। राजपाल ने बताया कि कुछ घंटे पहले जिस कलाकार से उन्होंने मुलाकात की और हाथ मिलाया था, उसके अचानक चले जाने की खबर पर उन्हें यकीन नहीं हो रहा था। राजपाल यादव ने मुश्ताक खान की एक तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। इससे पहले उन्होंने अस्पताल में हुई आखिरी मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसे बाद में डिलीट कर दिया गया। वीडियो में मुश्ताक खान अस्पताल के बिस्तर पर नजर आ रहे थे और उन्होंने राजपाल का हाथ पकड़ा हुआ था।

# यशस्वी बाहर, गायकवाड़ को मिला प्रमोशन



## सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने चुनी अपनी टीम, यशस्वी जायसवाल को नहीं दी जगह

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आई वेस्टइंडीज की टीम के खिलाफ जल्द ही तीन मैचों की वनडे और पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेली जानी है।

वनडे सीरीज से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने पहले मुकाबले के लिए अपनी भारतीय प्लेइंग का चुनाव किया है। उनकी चुनी टीम में सबसे ज्यादा चर्चा यशस्वी जायसवाल को जगह नहीं मिलने और ऋतुराज गायकवाड़ को प्रमोशन मिलने की हो रही है।

बद्रीनाथ ने ओपनिंग की जिम्मेदारी कप्तान शुभमन गिल के साथ रोहित शर्मा को दी है। इसके बाद उन्होंने तीसरे नंबर पर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को रखा है।

चौथे नंबर के लिए उन्होंने श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी में ऋतुराज गायकवाड़ पर भरोसा जताया है। इस तरह गायकवाड़ को बल्लेबाजी क्रम में अहम जिम्मेदारी दी गई है।

46 वर्षीय बद्रीनाथ ने पांचवें नंबर पर केएल राहुल को चुना है और उन्हें विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी सौंपी है। इसके बाद टीम में दो ऑलराउंडरों को जगह मिली है। छठे नंबर पर नीतीश कुमार रेड्डी और सातवें नंबर पर रवींद्र जडेजा को रखा गया है। रेड्डी मध्य गति के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं, जबकि जडेजा बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर टीम का संतुलन मजबूत करते हैं। गेंदबाजी विभाग में बद्रीनाथ ने प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और गुरनूर बराड़ की पेस तिकड़ी को चुना है। वहीं, स्पिन विभाग की मुख्य जिम्मेदारी कुलदीप यादव को दी गई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे के लिए सीएसके के पूर्व बल्लेबाज बद्रीनाथ की इस प्लेइंग कर्मे रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, केएल राहुल, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और गुरनूर बराड़ शामिल हैं।

# जमीन गिरवी रखी, 47 हजार चुकाए, फिर भी नहीं बचा तुषार

### सड़क हादसे में घायल 24 वर्षीय युवक ने सफदरजंग अस्पताल में तोड़ा दम

### पिता ने निजी अस्पताल पर लगाए आरोप



**यूनिक समय, गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद रैपिड मेट्रो स्टेशन के पास सड़क हादसे में घायल 24 वर्षीय तुषार कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। 19 सितंबर की रात करीब 2:30 बजे साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन से लगभग 100 मीटर दूर किसी अज्ञात वाहन ने तुषार को टक्कर मार दी थी। राहगीर रोहित शर्मा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए वसुंधरा के अटलांटा अस्पताल ले जाया गया। परिजनों के मुताबिक, वहां सर्जन उपलब्ध न होने की बात कहकर तुषार को भर्ती नहीं किया गया।

इसके बाद उसे इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तुषार के पिता शिव कुमार का आरोप है कि भर्ती के करीब 30–35 मिनट बाद अस्पताल की ओर से 47,800 रुपये का बिल बताया गया। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उन्होंने बेटे को सरकारी अस्पताल रेफर करने का अनुरोध किया।

पिता के मुताबिक, चार–पांच घंटे की मशक्कत के बाद उन्होंने साहूकार से ब्याज पर 70 हजार रुपये उधार लिए और करीब 45 हजार रुपये अस्पताल में जमा किए। इसके बाद लगभग छह हजार रुपये एंबुलेंस के देकर तुषार को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां 20 सितंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, यशोदा मेडिसिटी ने आरोपों से अलग घटनाक्रम बताते हुए कहा कि मरीज को तत्काल उपचार दिया गया और आर्थिक रियायत भी दी गई।

अस्पताल के मुताबिक, परिजनों ने चिकित्सकीय सलाह के बावजूद अपनी इच्छा से मरीज को लामा के तहत ले जाने का निर्णय लिया।

# काशी में बारिश से बदला मौसम, तेज हवाओं से बढ़ी ठंड



**यूनिक समय, वाराणसी।** वाराणसी में मौसम ने अचानक करवट ली है। बृहस्पतिवार को हुई जोरदार बारिश के बाद शुक्रवार सुबह से काशी में मौसम सुहाना बना हुआ है। पिछले 24 घंटे में 60 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई। तेज हवाओं के साथ तापमान में गिरावट आने से लोगों को नवंबर की शुरुआत जैसी ठंड का एहसास होने लगा है। शुक्रवार को पुरवा हवा 41 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली और तापमान 20 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। यूपी आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले दो से तीन दिनों तक बिजली चमकने, तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, हिमालय में बर्फबारी, बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम और ओडिशा के आसपास बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से पूर्वांचल में मौसम बदला है। बृहस्पतिवार को बारिश के कारण अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 6.3 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश के दौरान अखरी निवासी गोपाल पांडेय के घर पर बिजली गिरने से छत का बीम, एसी, सोलर पैनल, इन्वर्टर और सबमर्सिबल पंप के स्टार्टर समेत कई बिजली उपकरण जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वांचल में बारिश का सिलसिला 27 सितंबर तक जारी रह सकता है। अगले 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश बढ़ने की संभावना जताई गई है।

# अमित शाह से मिले केशव मौर्य 2027 चुनाव पर हुआ मंथन



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव, संगठनात्मक गतिविधियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद केशव मौर्य ने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनाने के संकल्प को लेकर अमित शाह के साथ विस्तृत रणनीति पर विचार–विमर्श हुआ। केशव मौर्य के अनुसार, पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाएंगे।

इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं तथा उनसे मिलने वाले लाभों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। गरीब और आम परिवारों के बीच सरकार की योजनाओं को घर–घर पहुंचाने पर

### संगठन को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर चर्चा

जोर रहेगा। विकसित भारत–2047 के लक्ष्य को लेकर भी लोगों से संवाद किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि पक्के आवास, स्वास्थ्य सुरक्षा, उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल, डीबीटी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के साथ वैश्विक स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व जरूरी है। मुलाकात के बाद केशव मौर्य ने अमित शाह के संगठनात्मक अनुभव और मार्गदर्शन के लिए आभार जताया।

# ओल्ड पेंशन पर हाईकोर्ट का फैसला, तीन कर्मचारियों को राहत

**यूनिक समय, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बांदा के तीन रिटायर्ड संग्रह अमीनों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का आदेश दिया है। जस्टिस अनिश कुमार गुप्ता की अदालत ने कहा कि पेंशन की पात्रता तय करते समय नियमित नियुक्ति से पहले की गई मौसमी सेवा को भी गिना जा सकता है, हालांकि पेंशन की वास्तविक राशि केवल नियमित सेवा के आधार पर तय होगी। याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति बांदा की अलग–अलग तहसीलों में मौसमी संग्रह अमीन के रूप में 1989 और 1990 में हुई थी। बाद में उनकी सेवाएं नियमित की गईं। पहले कर्मचारी की सेवा 2005 में और दो अन्य की 2009 में नियमित हुई। तीनों 2019, 2021 और 2022 में सेवानिवृत्त हुए। रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन का लाभ मांगा, लेकिन विभाग ने अप्रैल 2023 में यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि जरूरी न्यूनतम सेवा अवधि पूरी नहीं हुई है। इसके बाद तीनों ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने कहा कि अस्थायी, एडहॉक, वर्क–चार्ज और मौसमी सेवा को पेंशन पात्रता अवधि तय करने में



### नियमितीकरण से पहले की मौसमी सेवा भी पात्रता में गिनी जाएगी

### आठ हफ्ते में बकाया भुगतान का आदेश

शामिल किया जा सकता है। अदालत ने पाया कि दो कर्मचारियों की नियमित सेवा 10 साल से अधिक थी, जबकि तीसरे की नियमित सेवा कुछ महीने कम थी। पूर्व की मौसमी सेवा जोड़ने पर वह भी पेंशन के लिए पात्र हो गया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को तीनों कर्मचारियों के रिटायरमेंट से जुड़े बकाये की गणना कर आठ सप्ताह के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया।

# ऑडी से उतरे युवकों की दबंगई कारोबारी को सड़क पर पटका

**यूनिक समय, गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रास्ता रोकने को लेकर हुए विवाद में एक बेकरी कारोबारी के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हर्षा सिटी मॉल के पास हुई घटना में आरोप है कि ऑडी कार सवार युवकों ने कारोबारी के साथ गाली–गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान मुख्य आरोपी राहुल ने कारोबारी को उठाकर सड़क पर पटक दिया। राहगीर ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। पीड़ित कारोबारी कार्तिक खरबंदा ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मित्र की कार से जा रहे थे। रास्ते में सफेद रंग की ऑडी खड़ी थी। उन्होंने कार हटाने को कहा, जिसके बाद राहुल, मोहन, माधव चौधरी और अर्कश ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि युवकों ने मारपीट के दौरान पत्थर से सिर पर भी वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में दो टीमें लगाई गई हैं। पीड़ित ने घटना का वीडियो पुलिस को साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सजा काटकर लौटा, फिर मिली मौत, सिर में गोली के निशान से मचा हड़कंप

**यूनिक समय, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में सात साल की जेल की सजा काटकर करीब डेढ़ महीने पहले घर लौटे एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय राजकिशोर दुबे के रूप में हुई है। उसका शव छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ब्राह्मण नगला गांव में एक पेड़ के नीचे मिला। पुलिस को उसके सिर पर गोली लगने के निशान मिले हैं। मौके से .315 बोर के दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, राजकिशोर दुबे मूल रूप से मैनपुरी जिले के भोगांव थाना क्षेत्र के मेहरापुर गांव का रहने वाला था और इन दिनों अपनी बहन के घर रह रहा था। परिवार ने बताया कि करीब आठ साल पहले शराब के नशे में उसने एक व्यक्ति को गोली मार दी थी। हत्या के प्रयास के मामले में उसे आईपीसी की धारा 307 के तहत सात साल की सजा हुई थी। सजा पूरी करने के बाद वह करीब डेढ़ महीने पहले जेल से बाहर आया था। गुरुवार देर रात परिवार के लोगों ने तेज आवाज सुनी। कुछ देर बाद राजकिशोर खून से लथपथ हालत में पेड़ के पास पड़ा मिला। सूचना पर एसपी विनोद कुमार, सीओ मयंक मिश्रा और थाना प्रभारी कपिल दुबे मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह स्पष्ट होगी।

# पीडीए रथ पर बोले अजय राय, राहुल पर टिकी नजरें





**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पीडीए रथ यात्रा को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अखिलेश यादव की रथ यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के लिए कोई भी नेता कहीं भी जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना संगठनात्मक काम लगातार आगे बढ़ा रही है और जनता के सुख–दुख में मजबूती से खड़ी है। अजय राय ने दावा किया कि बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि आज पूरा देश उनकी ओर देख रहा है। उनके मुताबिक, राहुल गांधी देश से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं और जनता के बीच अपनी बात रख रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी जनता के बीच रहकर अपना काम कर रही है। वहीं, समाजवादी पार्टी की ओर से रायबरेली में आयोजित पीडीए रथ यात्रा के दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए के लोग मिलकर भाजपा को हराने का काम करेंगे। अखिलेश ने पीडीए को निर्बल और कमजोर वर्गों के साथ खड़े होने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पीडीए संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र को बचाने के लिए खड़ा है। अखिलेश ने सरकार पर संविधान और कानून का पालन नहीं करने का आरोप भी लगाया। यूपी में 2027 चुनाव को लेकर सपा और कांग्रेस के नेताओं के बयानों से राजनीतिक गतिविधियां तेज होती दिखाई दे रही हैं।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

### दिल्ली में चुनाव आयोग तक मार्च, कई राज्यों में हिरासत में लिये गये प्रदर्शनकारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन किया। दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के कार्यालय की ओर मार्च किया, जबकि पटना में प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पार कर उस पर चढ़ गए। लखनऊ और गुवाहाटी समेत कई अन्य स्थानों पर भी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने की खबर है। कांग्रेस के इस देशव्यापी विरोध का मुख्य मुद्दा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया है। पार्टी का आरोप है कि एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे पात्र मतदाताओं के नाम प्रभावित होने की आशंका है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि मतदाता सूची में किसी भी तरह का बदलाव करते समय यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि योग्य मतदाताओं के नाम सूची से बाहर न हों और नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी स्पष्ट रहे।

यह विवाद उस समय और तेज हुआ, जब इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में आयोग के कुछ फैसलों और प्रक्रियाओं पर कम से कम 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज की थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, इन आपत्तियों का संबंध नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची से नाम हटाने और मतदाता आंकड़ों तक पहुंच जैसे मुद्दों से था। हालांकि, चुनाव आयोग ने इन खबरों के बाद कहा कि एसआईआर सहित आयोग के सभी अंतिम फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

आयोग की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि उसकी निर्णय प्रक्रिया में सभी संबंधित पहलुओं पर विचार किया जाता है। इस बीच मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग और विपक्षी दलों के बीच विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर राजनीतिक विरोध के साथ-साथ न्यायिक स्तर पर भी सुनवाई चल रही है। महाराष्ट्र में एसआईआर से संबंधित याचिकाएं बॉम्बे हाईकोर्ट में दाखिल की गई हैं। वहीं दिल्ली की एसआईआर प्रक्रिया में 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' नोटिसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है। इससे साफ है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का मुद्दा अब राजनीतिक बहस के साथ कानूनी जांच के दायरे में भी पहुंच चुका है। दूसरी ओर, कोका-कूच जनतंत्र पार्टी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करते हुए उन्हें 48 घंटे की समयसीमा देने का दावा किया है। पार्टी ने कहा है कि यदि मांग पूरी नहीं होती है तो 2 अक्टूबर से देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस तरह एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों और चुनाव आयोग के बीच मतदाता सूची, प्रक्रिया की पारदर्शिता और चुनावी व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर मतभेद सामने आ रहे हैं। कांग्रेस का प्रदर्शन इसी विरोध का हिस्सा है, जबकि चुनाव आयोग अपनी प्रक्रिया और निर्णयों को लेकर अपना पक्ष रख चुका है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीतिक गतिविधियों के साथ न्यायिक स्तर पर होने वाली सुनवाई।

# दिल्ली में छात्राओं से बदसलूकी कार में जबरन बैठाने की कोशिश

### मुखर्जी नगर में दो छात्राओं से अभद्रता और पीछा करने का मामला

### पुलिस ने चार आरोपियों की पहचान की



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में डीयू की दो छात्राओं से बदसलूकी और पीछा करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे हकीकत पार्क के पास कार सवार चार युवकों ने छात्राओं से कहासुनी के बाद गाली-गलौज और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। छात्राओं का आरोप है कि जब उन्होंने वहां से निकलने की कोशिश की तो युवकों ने उन्हें जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। किसी तरह दोनों वहां से निकल पाईं, लेकिन युवकों ने उनका पीछा भी किया। घटना के बाद एक छात्रा ने मुखर्जी नगर थाने में लिखित शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्राओं का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के लिए उन्हें पहले मॉरिस नगर और मॉडल टाउन थाने जाना पड़ा, जहां क्षेत्राधिकार का हवाला देकर उन्हें मुखर्जी नगर थाने भेजा गया। इसके बाद उनकी शिकायत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिम जिले की डीसीपी आकांक्षा यादव के मुताबिक, पुलिस ने चारों आरोपियों की पहचान कर ली है और घटना में इस्तेमाल कार भी बरामद कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# सिक्किम में लैंडस्लाइड 20 से ज्यादा घर बहे, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

### ओडिशा में चक्रवात के असर से 10 हजार लोग राहत केंद्रों में शिफ्ट बिहार और यूपी में भी बारिश की चेतावनी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सिक्किम के ग्यालशिंग जिले के रिबी गांव में लगातार बारिश के चलते गुरुवार रात लैंडस्लाइड हुई, जिसमें 20 से ज्यादा घर और सरकारी क्वार्टर बह गए। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात अब कमजोर पड़ गया है, लेकिन इसके प्रभाव से ओडिशा में भारी बारिश, अचानक बाढ़ और लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है। राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों में निचले और संवेदनशील क्षेत्रों से करीब 10 हजार लोगों को 200 राहत केंद्रों में भेजा गया है। अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मध्य प्रदेश में सक्रिय मौसम सिस्टम के कारण जबलपुर समेत 13 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 16 जिलों में भारी बारिश का अनुमान है। बिहार के 19 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। उत्तर प्रदेश में भी मानसून फिर सक्रिय हो गया है और लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज समेत करीब 20 शहरों में बारिश हो रही है। उत्तराखंड के चमोली में लैंडस्लाइड से हाईवे बंद हुआ है। हिमाचल में 25 से 30 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है।

# विवाद के बीच सीईसी ज्ञानेश कुमार का यूपी दौरा रद्द

### चुनाव आयोग ने कहा कार्यक्रमों की तारीखों में बदलाव प्रक्रिया का हिस्सा 21 सितंबर को ही लिया गया था फैसला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एसआईआर को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का उत्तर प्रदेश दौरा स्थगित कर दिया गया है। उन्हें 25 सितंबर को मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में जेन-जी के साथ संवाद करना था, जबकि 28 सितंबर को वाराणसी में युवाओं के साथ कार्यक्रम प्रस्तावित था। दौरा स्थगित होने के बाद चुनाव आयोग ने सफाई देते हुए कहा कि कार्यक्रमों की तारीखों में बदलाव एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है। आयोग के मुताबिक, कार्यक्रम स्थल की उपलब्धता, वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यक्रम और प्राकृतिक कारणों समेत कई वजहों से तारीखों में बदलाव किया जा सकता है। आयोग ने बताया कि हिमाचल प्रदेश, लद्दाख और उत्तराखंड में भी पहले ईएलसी सम्मेलनों की तारीखों में बदलाव या कार्यक्रम स्थगित किए गए हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार, मेरठ और वाराणसी में प्रस्तावित इन दोनों विशेष सम्मेलनों को स्थगित करने का निर्णय 21 सितंबर को ही लिया गया था।

# यूपी-बिहार समेत कई राज्यों में आंधी-तूफान की चेतावनी

### ओडिशा-आंध्र के तटों पर समुद्र में न जाने की सलाह




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी शुरू होने के बावजूद देश के कई हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और सिक्किम समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना है। 25-26 सितंबर को इन क्षेत्रों में कई जगहों पर बारिश के साथ 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब में 26-27 सितंबर को भारी बारिश हो सकती है, जबकि उत्तराखंड में 27-28 सितंबर के दौरान बारिश के आसार हैं। पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में 25-27 सितंबर तक कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में 26 सितंबर को तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 25-26 सितंबर को आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। 26 सितंबर को केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और यनम में भी भारी बारिश हो सकती है।

# जिनपिंग अमेरिका को देंगे दो पांडा, बनेंगे दोस्ती के दूत

### पांडा डिप्लोमेसी के जरिए चीन-अमेरिका संबंधों में सहयोग और दोस्ती का संदेश





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका को दो जायंट पांडा देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 'पिंग पिंग' और 'फू शुआंग' नाम के ये दोनों पांडा जल्द ही अटलांटा जू पहुंचेंगे और चीन-अमेरिका के लोगों के बीच दोस्ती के दूत के रूप में काम करेंगे। यह कदम चीन की चर्चित 'पांडा डिप्लोमेसी' का हिस्सा है। अप्रैल में चाइना वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन एसोसिएशन और अटलांटा जू के बीच हुए नए रिसर्च एग्रीमेंट के तहत नर पांडा पिंग पिंग और मादा पांडा फू शुआंग को चेंगदू रिसर्च बेस ऑफ जाइंट पांडा ब्रीडिंग से अमेरिका भेजा जाएगा। हालांकि, दोनों पांडा अटलांटा कब पहुंचेंगे, इसकी तारीख अभी तय नहीं हुई है। शी जिनपिंग ने कहा कि इन पांडा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच दोस्ती को आगे बढ़ाना, सहयोग बढ़ाना और दोनों देशों के लोगों की भलाई को बढ़ावा देना है। उन्होंने चीन और अमेरिका के बीच सहयोग की संभावनाओं पर भी जोर दिया। जायंट पांडा लंबे समय से दोनों देशों के संबंधों में प्रतीकात्मक भूमिका निभाते रहे हैं।

वर्ष 1972 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की चीन यात्रा के दौरान उन्हें दो पांडा उपहार में मिले थे, जिसके बाद 'पांडा डिप्लोमेसी' की परंपरा चर्चा में आई। यह घोषणा ट्रंप और जिनपिंग की बैठक के दौरान हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने चीन-अमेरिका संबंधों और सहयोग पर चर्चा की। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते पहले से बेहतर हैं, जबकि शी ने बातचीत को ईमानदार और गहन बताते हुए कई मुद्दों पर आम सहमति बनने की बात कही।

# बालेन शाह ने यूएनजीसी में भारत-चीन का जताया आभार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीसी) के 81वें सत्र को संबोधित करते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग बढ़ाने की अपील की। उन्होंने हालिया भोटेकोशी-त्रिशूली आपदा के दौरान नेपाल की मदद के लिए भारत और चीन समेत अन्य देशों और संगठनों का आभार जताया। बालेन शाह ने कहा कि यह आपदा केवल नेपाल की स्थानीय त्रासदी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन में ऐतिहासिक रूप से अधिक योगदान देने वाले देशों से ज्यादा जिम्मेदारी निभाने की अपील की। साथ ही नेपाल, भारत और चीन के नेतृत्व में 'हिमालयन क्लाइमेट रेजिलिएंस मैकेनिज्म' बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके तहत सैटेलाइट डेटा और विशेषज्ञता साझा करने, खतरनाक ग्लेशियल झीलों की निगरानी और संयुक्त शुरुआती चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सीमाओं के पार राहत और सहायता का बेहतर समन्वय होना चाहिए। शाह ने हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र को करीब दो अरब लोगों के लिए पानी, खेती, इकोसिस्टम और रोजगार का महत्वपूर्ण स्रोत बताया।

# 21 हजार किलो व्यंजनों से सजा छप्पन भोग, उमड़ा जनसैलाब

## चांदी के कमल शेषनाग के फन पर विराजे गिरिराज

## हीरे–पन्ने और मोती से श्रृंगार देख भक्त हुए भावविभोर



**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन की गिरिराज तलहटी में आयोजित अलौकिक छप्पन भोग दर्शन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। चांदी और सप्त रत्नों से बने कमल पुष्प में शेषनाग के फन पर विराजमान गिरिराज प्रभु के दिव्य स्वरूप को देखकर भक्त भावविभोर हो उठे। देश–विदेश से आए हजारों श्रद्धालु देर रात तक दर्शन के लिए पहुंचते रहे।

छप्पन भोग में करीब 21 हजार किलो व्यंजनों का भोग सजाया गया। प्रभु का श्रृंगार असली हीरे, पन्ने, मोती, नीलम और पुखराज से किया गया। हीरे जड़ी बांसुरी धारण किए प्रभु का स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहा। विदेश से मंगाए गए फूलों से तलहटी को सजाया गया। शहनाई की धुन, ब्रज की रासलीला और भजनों के बीच श्रद्धालु नाचते–झूमते नजर आए। कई भक्तों की आंखों से प्रेम और खुशी के आंसू छलक पड़े। दर्शन खुलने से पहले ब्रज के साधु–संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति ने उन्हें दान भी दिया। संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने आरती उतारकर दर्शन शुरू कराए। परिक्रमा मार्ग पर वाहनों के प्रतिबंध के बावजूद श्रद्धालु ई- रिक्शा से छप्पन भोग स्थल तक पहुंचे। मुरारी अग्रवाल ने कहा कि दुर्लभ दर्शन का साक्षी बनने की श्रद्धालुओं में उत्सुकता प्रभु के प्रति प्रेम दर्शाती है।

संरक्षक राजेंद्र कुमार सर्राफ रुनना, महामंत्री अशोक कुमार आढ़ती, दिनेश सादाबाद, कोषाध्यक्ष भगवान दास खंडेलवाल, देवेश सरन सर्राफ, नीरज गोयल, मुख्य संयोजक राघवेंद्र गर्ग, संयोजक अनमोल बंसल, बांके बिहारी सोनी, कन्नू अग्रवाल, दिनेश मंगल, बनबारी लाल अग्रवाल, पंकज जौहरी, अरविन्द विसावर, कपिल अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, संजय जिंदल, अमित मर्बिल, लल्लू सिंह, राजीव अग्रवाल, अंकित बंसल और प्रदीप खंडेलवाल ने श्रद्धालुओं का पटुका पहनाकर स्वागत किया।

# बरसाना में बृजवासी सेवा समिति ने मनाया लाडोत्सव

**यूनिक समय, मथुरा।** राधारानी के जन्मोत्सव के बाद बृजवासी सेवा समिति की ओर से बरसाना धाम में लाडोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति परिवार के सदस्यों ने बरसाना की गलियों, पहाड़ों और कुंडों की परिक्रमा कर राधारानी का स्मरण किया। इसके बाद फूल बंगला, बधाई गायन और साधु सेवा में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और उपहार लुटाए।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति संस्थापक शशिभानु विशाखा गर्ग, अध्यक्ष मुकेश पिंकी अग्रवाल और मंत्री अनूप मोनिका अग्रवाल ने राधा–कृष्ण स्वरूपों का पूजन- माल्यार्पण कर किया। सदस्य परिवार चंदन और पटका धारण कर भजन-कीर्तन मंडली के साथ बरसाना परिक्रमा पर निकले। मार्ग में वन, उपवन, कुंड और पहाड़ों का पूजन कर उनके महत्व की जानकारी ली।

जगमोहन में राधा-कृष्ण के स्वरूपों को देश–विदेश से मंगाए फूलों से सजाया गया। बधाई गायन में समिति परिवार ने नृत्य करते हुए उपहार लुटाए। देर रात तक चले कार्यक्रम के बाद साधु-संतों की सेवा और प्रसादी का आयोजन हुआ। संस्थापक शशिभानु गर्ग ने कहा कि युवाओं को पुरातन संस्कृति से जोड़ने और ब्रज के धार्मिक स्थलों की जानकारी देने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। कार्यक्रम में सचिन रति चौधरी, पराग अंजली गुप्ता, राजेंद्र उर्वशी अग्रवाल, विनोद रीना अग्रवाल, सुनील कल्पना अग्रवाल, आशीष ममता गर्ग, संदीप पारुल अग्रवाल, पंकज कविता अग्रवाल, अमित राखी, गिरधारी लक्ष्मी अग्रवाल, मनोज मीनू नमक, दिनेश निशा अग्रवाल, अमित विनीता बगिया वाले, मोहन काजल अग्रवाल, पंकज रेनू गर्ग, मनोज लता अग्रवाल, घनश्याम ममता सुतिया, मनोज मनीषा गोयल, दीपक मोहिनी सुतिया, मनोज अनुपम अग्रवाल, आशीष अनीता वर्मा, विशाल अलका अग्रवाल, रमन बिनू अग्रवाल, मुकेश डॉ. कुसुम लता अग्रवाल, नवीन नीलम विसावर वाले, संजय सजनी, रोमिका, अमित शीतल अग्रवाल, जगत बहादुर सुमन अग्रवाल, मनोज भार्गव, रितेश टेंट, मनीष सुतिया आदि मौजूद रहे।



राधा– कृष्ण के स्वरूपों पर पुष्प वर्षा करतीं बृजवासी सेवा समिति की पदाधिकारी।

# श्रद्धाभाव से मनाया गुरु रामदास का गद्दी दिवस



गद्दी दिवस पर सिख बंधुओं के साथ जिला जज विकास कुमार।

## गुरुद्वारा गुरु नानक टीला में हुआ महान गुरमत समागम

**यूनिक समय, मथुरा।** सिखों के चौथे गुरु गुरु रामदास का गुरु गद्दी दिवस वृंदावन के किशोरपुरा स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक टीला में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब में त्रिदिवसीय श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया गया। सुसज्जित पालकी साहिब में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष साध–संगत ने माथा टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया, शबद-कीर्तन और सिमरन में सहभागिता की। गुरु ग्रंथ के प्रकाश पर्व को समर्पित महान गुरमत समागम में अमृतसर, दिल्ली, हापुड़ सहित विभिन्न स्थानों से आए रागी जत्थों ने शबद–कीर्तन प्रस्तुत कर साध–संगत को निहाल किया। जिला जज विकास कुमार ने कहा कि यह पावन दिवस हमें नम्रता, सेवा और सिमरन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति वीसी दीक्षित,राजेश पाराशर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सरदार परविंदर सिंह, सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रत्यूष कुमार,आरएस बेदी ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुखमीत सिंह कादियां, बृजपाल सिंह ने श्री दरबार साहिब (स्वर्ण मंदिर), अमृतसर साहिब का मॉडल, साहिब, सिख इतिहास की पुस्तकें, शॉल और किरपान भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गुरमीत सिंह, ज्ञानी महेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, बलविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, भगत सिंह, जसनूर सिंह, परमीत सिंह, हरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में साध–संगत उपस्थित रही।

# केशव देव भक्तों ने भजन संध्या में लगाए जयकारे



कार्यक्रम के दौरान भजन गाते गायक।

## अनंत चतुर्दशी पर मिष्ठान प्रसादी और भंडारे में किया सहयोग

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव के भक्तों ने अनंत चतुर्दशी और पूर्णिमा के पर गौरी गोपाल आश्रम में मिष्ठान प्रसादी वितरण, भजन संध्या और साधु सेवा का आयोजन किया। भक्तों ने पूरे दिन प्रसादी वितरण के साथ भंडारे में सहयोग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनिरुद्ध आचार्य ने ठाकुर गौरी गोपाल और ठाकुर केशव देव के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर किया। भजन गायक मनमोहन आगरा वाले ने ठाकुर जी तेरी कृपा से मेरा सब काम हो रहा है सहित भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा आश्रम परिसर केशव नाम के जयकारों से गूंज उठा। दीपक शर्मा ने 'छोटी सी किशोरी मेरे अंगना में डोले रे' प्रस्तुत किया। राजकुमार अग्रवाल और रोहित सर्राफ ने भी भजन प्रस्तुत कर ठाकुर जी को रिझाया। व्यवस्था में सर्वोदय ब्राह्मण विकास संस्थान के सचिव नारायण प्रसाद शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, राजू रद्दी, अजय मास्टर, महेश गोयल, अंकुर पंछी, राकेश जयपुर, महेंद्र चोमू, रोहित सर्राफ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दशलक्षण पर्व का अनंत चतुर्दशी पर हुआ समापन



चौरासी जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व पर विधान करते श्रावक–श्राविकाएं।

## चौरासी जैन मंदिर में वासुपूज्य स्वामी का किया गया अभिषेक

## उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर आचार्य ने किया मार्गदर्शन

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री चौरासी जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के दस दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान का अनंत चतुर्दशी पर मंगलमय समापन हुआ। भगवान वासुपूज्य स्वामी के अभिषेक-पूजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिभाव और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

आचार्य सूरत्न सागराचार्य ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि ब्रह्मचर्य केवल इंद्रियों का संयम नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म की पवित्रता है। विषय–वासनाओं से विरक्ति, आत्मस्वरूप में रमण और अंतर्मन की निर्मलता ही इसकी वास्तविक साधना है। उन्होंने कहा कि दशलक्षण पर्व आत्मचिंतन और विकारों से मुक्ति की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने उपवास, एकासन, संयम और मौन साधना की। मंदिर परिसर में भक्ति और साधना का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में सेठ विजय कुमार, संजीव जैन, अजय, मुनीश, प्रदीप छाबड़ा, वीरेन्द्र, रोहित छाबड़ा, राजीव, जेके जैन, अरविन्द, योगेश, रीना जैन, बबीता जैन, सोनिया, मीनू जी, सानू और मनीषा जी सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

# 25 वें महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियां तेज

## रजत जयंती वर्ष के रूप में होगा आयोजन, 11 अक्टूबर से शुरू होंगे कार्यक्रम

## 15 को 108 महिलाओं की कलश यात्रा और 16 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा




महाराज अग्रसेन जयंती के कार्ड का विमोचन करते समाज के गणमान्य लोग।

**यूनिक समय,मथुरा।** श्री अग्रवाल मंडल रजि., कृष्णा नगर की ओर से 25 वां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने पर इस बार आयोजन को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। महोत्सव को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यकारिणी सदस्य सचिन अग्रवाल सहित मंडल के पदाधिकारियों ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर महोत्सव की पत्रिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम 11 अक्टूबर को यज्ञ से होगा, शुभारंभ अग्रवाल धर्मशाला में यज्ञ के साथ होगा। 15 अक्टूबर को सुबह आठ बजे सनातन धर्म मंदिर कृष्णा नगर बाजार से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में माता महालक्ष्मी का चित्र विराजमान रहेगा। यात्रा अग्रवाल धर्मशाला डैम्पियर नगर पहुंचेगी। 16 अक्टूबर को दोपहर चार बजे मंडी समिति परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

मुकुंद रिसॉर्ट में मंचीय कार्यक्रम होंगे, अतिथियों, संरक्षकों और समाज के वरिष्ठजनों का अभिनंदन-सम्मान किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के माध्यम से समाज में एकता, सेवा, संस्कार और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। पत्रिका विमोचन के मौके पर मोहन लाल अग्रवाल, मांगी लाल अग्रवाल,केशव अग्रवाल, संजू लाला, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल (जेएसआर ग्रुप), गिरधारी लाल बंसल, डॉ. के एम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल,अनिल अग्रवाल (नौहझील वाले), सुरेश अग्रवाल, संतोष सिंघल और कार्यकारिणी समिति में संतोष सिंघल,गोविंद अग्रवाल,गणेश अग्रवाल,धीरज गोयल,सोनू अग्रवाल,तरुण अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राजीव, नवीन अग्रवाल,मनोज अग्रवाल बंटी बिंदल,नीरज अग्रवाल,सुमित अग्रवाल,दीपक आदि मौजूद रहे।